गदेया

हल्बी की कहावतें, मुहावरे और पहेलियाँ

रूद्र नारायण पाणिग्राही

BVP - 2105
7/6/18

6/6

गदेया

(हल्बी की कहावतें, मुहावरे और पहेलियाँ)

गदेया

हल्बी की कहावतें, मुहावरे
और
पहेलियाँ

रूद्र नारायण पाणिग्राही

यश पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स
दिल्ली-110032

गदेया...

ISBN : 978-93-84633-91-2

प्रथम संस्करण : 2018

© रूद्र नारायण पाणिग्राही

मूल्य : ₹ 450/-

इस पुस्तक के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं। प्रकाशक या लेखक की लिखित अनुमति के बिना इसके किसी भी अंश को, फोटोकॉपी एवं रिकार्डिंग सहित इलेक्ट्रॉनिक अथवा मशीनी, किसी भी माध्यम से, अथवा ज्ञान के संग्रहण एवं पुनर्प्रयोग की प्रणाली द्वारा, किसी भी रूप में, पुनरुत्पादित अथवा संचारित-प्रसारित नहीं किया जा सकता।

प्रकाशक : यश पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स
1/10753 सुभाष पार्क, नवीन शाहदरा
दिल्ली-110032 (भारत)

संपर्क : **+91-9599483885,86,87,88**
ई मेल : **yashpublishersprivatelimited@gmail.com**
बेबसाइट : **www.yashpublications.com**
Avilable at : *amazon.com, flipkart.com*

मुद्रक : नागरी प्रिंटर्स, दिल्ली

तेरा तुझको अर्पण



पूज्यनीय पिता
स्व. श्री गणेश प्रसाद पाणिग्राही
को
सादर समर्पित

भूमिका

हल्बी बस्तर अंचल की एक समृद्ध और प्रमुख जनभाषा है। यह बस्तर की संपर्क भाषा है। बस्तर की अन्य बोलियों की तुलना में हल्बी में साहित्य लेखन और इसके व्याकरण इत्यादि का अध्ययन अधिक हुआ है तथा यह कार्य निरंतर किया जा रहा है। तथापि जितना कार्य अब तक किया गया है, वह अत्यल्प है। संक्षिप्त है। हल्बी के विस्तृत अध्ययन–विश्लेषण की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति में श्री रूद्र नारायण पाणिग्राही जी की यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी।

श्री पाणिग्राही जी बस्तर अंचल के सुपरिचित रंगकर्मी, अन्वेषक एवं साहित्यकार हैं। उनका लेखन अनुसंधानपूर्ण होता है। बस्तर की भाषा, कला, संस्कृति एवं इतिहास पर विभिन्न माध्यमों में उनके लेखन से हम पाठक भली–भांति परिचित हैं। प्रस्तुत पुस्तक का विषय हल्बी की लोकोक्तियाँ, मुहावरे एंवं पहेलियाँ है। अब तक हल्बी की लोकोक्तियों, मुहावरों एवं पहेलियों का कोई अच्छा संग्रह प्रकाशित हुआ नहीं था। श्री पाणिग्राही जी का यह संग्रह इस कमी को पूरा करेगा। श्री पाणिग्राही जी ने लोकोक्तियों, मुहावरों एवं पहेलियों का सुंदर–सटिक परिचय देते हुए, प्रत्येक का हिन्दी भावानुवाद किया है। साथ ही वाक्यों के उदाहरण हैं, जो पाठक की ज्ञान–वृद्धि के साथ मनोरंजन भी करते हैं। यह पुस्तक बहुत पहले प्रकाशित होनी चाहिए थी, किन्तु विलंब से ही सही आज हल्बी के अध्ययन–अन्वेषण की गतिविधियों को देखते हुए उचित समय पर प्रकाशित हो रही है। यह प्रसन्नता की बात है। यह पुस्तक जनभाषा के अध्येताओं के साथ ही जनसाधारण के लिए भी उपयोगी होगी। यह लोकोक्तियाँ, मुहावरों एवं पहेलियों का समग्र संकलन नहीं है। इसके आगामी संस्करणों में विस्तार किया जाएगा, ऐसा पाणिग्राही जी का कहना है। निश्चित ही ऐसा होगा, क्योंकि किसी भाषा–बोली की समग्र सामग्री का संकलन समय, श्रम एवं व्यय साध्य कार्य है। श्री पाणिग्राही जी ने इस पुस्तक

के माध्यम से हल्बी जनभाषा के अध्ययन–अन्वेषण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया है। मैं इस कार्य के लिए उनका साधुवाद करता हूँ।

–विक्रम कुमार सोनी,
जगदलपुर

स्वकथन

भाषा–बोलियों के संदर्भ में बस्तर की स्थिति एक संगम के समान है, जहाँ आर्य, द्रविड़ और मुंडा भाषा परिवार का संगम होता है। हल्बी बस्तर के मध्य भाग में बोली जाने के फलस्वरूप बस्तर की 'संपर्क–भाषा' की भूमिका निभाती है। हल्बी बस्तर संभाग के अतिरिक्त मध्यप्रदेश (बालाघाट ज़िला), महाराष्ट्र, उड़ीसा (कोरापुट, नवरंगपुर एवं मल्कानगिरि ज़िले) तथा आंधप्रदेश में भी बोली जाती है। हल्बी भाषा–परिवार को लेकर भाषा विज्ञानियों में मतभेद रहे हैं। इन मतभेदों को विस्तार से बताना इस पुस्तक का विषय नहीं है, तथापि हल्बी का थोड़ा परिचय देना उचित होगा।

हल्बी मूलतः महाराष्ट्र के विदर्भ अंचल की हल्बा जनजाति की बोली थी। हल्बा जनजाति के बस्तर आव्रजन के फलस्वरूप, बस्तर में पूर्व से प्रचलित क्षेत्रीय उड़िया–भतरी या देसिया और छत्तीसगढ़ (छत्तीसगढ़ का मैदानी क्षेत्र) से बस्तर आकर बसने वाले छत्तीसगढ़ी भाषियों के कारण छत्तीसगढ़ी से इसका अंतःसंबंध हुआ और वर्तमान स्वरूप विकसित हुआ। हल्बी में भूतकालिक रूप मराठी तथा पूर्वी हिन्दी से एवं वर्तमान कालिक रूप क्षेत्रीय उड़िया के प्रभाव से विकसित हुए हैं, अतः हल्बी को आज के संदर्भ में मराठी, हिन्दी या उड़िया भाषा की बोली समझना उचित नहीं होगा। इसकी रूप–रचना इसे पृथक् वर्ग में रखे जाने की मांग करती है। भाषाविदों ने इसकी अंदकुरी, भुंजिया, चंडारी, गाचीकोलो, कवाड़ी, मेहारी, सुंडी–भुंजिया आदि उपबोलियाँ गिनायी हैं।

हल्बी इस प्रकार मराठी, हिन्दी और उड़िया की बोलियों से बनी 'क्रियोल' है, क्योंकि यह हल्बा, राजा मुरिया, हल्बी क्षेत्र के गोण्ड, धुरवा तथा सुण्डी, धाकड़, पनारा (मरार), सुनार, राउत, कलार, कुम्हार, माहरा, धोबी, नाई आदि जातियों की मातृभाषा है। कुछ भाषा–विद् हल्बी को बोली नहीं, वरन् विभाषा की श्रेणी में रखते है, जो 'भाषा' के निकट हैं। रियासत काल में हल्बी

को राजभाषा का सम्मान प्राप्त था तथा हल्बी में राज–आज्ञा, विभिन्न आदेश, आमंत्रण, सूचनाएं आदि प्रकाशित हुआ करती थी। राजा अपनी प्रजा को भी हल्बी में संबोधन करते थे। आज के इस लोकतंत्र में भी हल्बी को, लोक–भाषा का सम्मान प्राप्त है। हल्बी में न केवल साहित्य लिखा जा रहा है, बल्कि इसमें आकाशवाणी और दूरदर्शन से कार्यक्रम भी प्रसारित होते आ रहे हैं। शासकीय योजनाओं की जानकारी हल्बी में प्रसारित की जाती है। मध्यप्रदेश राज्य तथा वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य में भी हल्बी को प्राथमिक शिक्षा का माध्यम बनाया गया है। हल्बी में समाचार पत्र प्रकाशित हो रहे हैं। बस्तर की अन्य बोलियों के विपरीत कहना उचित होगा कि भतरी के अतिरिक्त हल्बी ही एक ऐसी बोली है, जो किसी जाति विशेष की बोली नहीं है। यह अनेक जाति के लोगों की 'मातृ–भाषा' है। यह बस्तर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों को छोड़कर पूरे संभाग में बोली जाती है और अन्य बोलियों की अपेक्षा समृद्ध होने के फलस्वरूप अंचल की 'संपर्क–भाषा' के रूप में व्यवहृत होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय की भाषा हल्बी है। शहरी व्यापारी भी व्यवसाय के लिए हल्बी पर निर्भर हैं, अर्थात् कारोबार की भाषा भी हल्बी ही है। हल्बी बस्तर की वह जन–भाषा है जो सम्पूर्ण बस्तर अंचल में भिन्न भाषा–भाषी समुदायों के मध्य वैचारिक आदान–प्रदान के माध्यम के रूप में प्रयुक्त होती है।

'गदेया' का हल्बी लोक–भाषा में अर्थ होता है, भंडार। गदेया, सामान्यतः किसी न किसी रूप में ढेर अथवा खजाने को सूचित करने वाला शब्द है। प्रस्तुत गदेया भी शब्द भंडार अर्थात् हल्बी की कहावतें, मुहावरे तथा पहेलियों का भंडार अथवा खजाने के रूप में है। इस पुस्तक में अंचल के लगभग 500 से भी अधिक कहावतें, मुहावरे तथा पहेलियाँ संकलित हैं। प्रस्तुत कहावतों, मुहावरों तथा पहेलियों का हिंदी में अर्थ और बोल–चाल की भाषा में किस तरह प्रयोग किया जाता है, उदाहरण के तौर पर उल्लेख किया गया है। इस पुस्तक में शब्दों–वाक्यों के अर्थ को परखने या समझाने के लिए अंचल के जन–जीवन में प्रयुक्त कहावतें, मुहावरे तथा पहेलियों को मूल रूप में संकलित किया गया है। कुछ कहावतें, मुहावरे तथा पहेलियों में अपशब्दों का भी प्रयोग होता आया है जो कि मूल रूप से प्रचलन में है और ग्रामीण उन शब्दों का बुरा नहीं मानते। अपशब्द प्रायः सांकेतिक रूप में अथवा वाक्यांश के रूप में होती है जिसे आम व्यक्ति सहज रूप से अर्थ को समझ लेता है।

बस्तर की कहावतों में लोक जीवन की झाँकी दिखाई पड़ती है। इनसे बस्तरिया मानुष की वाक्पटुता और बुद्धि–चातुर्य का प्रकटीकरण तो होता ही है, साथ ही ये लोक के स्तरीय हास्यबोध का भी परिचय देते हैं।

बस्तर में लोक–साहित्य की समृद्ध वाचिक परम्परा है। लोक–साहित्य की इस वैविध्यपूर्ण विरासत में लोकगीत, लोकगाथाएं, लोककथाएं लोकोक्ति या कहावतें, मुहावरे तथा पहेलियाँ सम्मिलित हैं। बस्तर की कहावतें, मुहावरे तथा पहेलियों के क्षेत्र में कार्य करते हुए मुझे यह सुखद आश्चर्य हुआ कि यह वाचिक परम्परा उन महिलाओं के कंठों में ज्यादा सुरक्षित हैं, जिन्होंने न तो अक्षर ज्ञान पाया और ना ही किसी स्कूली शिक्षा का ज्ञान, किन्तु उनमें स्मरण शक्ति गजब की है। जो कुछ भी इस पुस्तक में संकलित किया गया है, ये उन्हीं महिलाओं के द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित वाचिक परम्परा है, जिन्होंने इस परम्परा को सुनकर ग्रहण किया तथा अपनी मातृ–भाषा तथा दैनिक जीवन के बोल–चाल में सतत प्रयोग किया और यही नहीं परम्परा के अनुसार आने वाली पीढ़ियों को सौंपने के लिए भी तैयार हैं किन्तु, आज के कथित शिक्षाधारी ग्रामीण, युवक–युवतियाँ इस सांस्कृतिक विरासत को ग्रहण करने से कतरा रहे हैं। आज के इस युग में या कहें कि इस इलेक्ट्रानिक्स और संचार क्रांति के युग में नगरों का प्रभाव, फैशन की प्रवृति, शिक्षा का विकास दिनो–दिन बढ़ता जा रहा है। गाँव को छोड़कर युवक–युवतियाँ शहर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे में शिक्षित नवयुवकों की दिलचस्पी कमोबेश कम होती जा रही है। 'बोली–भाषा' के ह्रास के इस युग में रचनात्मक दस्तावेज के रूप में ही सही– हमारी अंचल की धरोहर, वाचिक परम्परा किसी भी रूप में हो संरक्षित हो। इस विलुप्तोन्मुखी विरासत को शीघ्रता से लिपिबद्ध किया जा सके वह लोक संस्कृति के हित में है, और इस दिशा में मेरे द्वारा किया गया कार्य एक प्रयास मात्र है।

हम उन सभी सज्जनों के आभारी हैं, जिन्होंने बस्तर की स्थानीय हल्बी जन–भाषा के इस संकलन 'गदेया' को प्रकाशित करने में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग किया है। पुस्तक आप सुधि पाठकों के हाथ में है, यह हमारे उद्यम का प्रथम चरण नहीं है, अपितु गद्य के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य को और अंचल की वाचिक परम्पराओं को लिखित रूप में प्रकाशित करते हुए संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में कार्य करना है। आगे भी हल्बी के क्षेत्र में महती कार्य करने के लिए वचनबद्ध हैं। संकलित कहावतें, मुहावरे तथा पहेलियों को

पढ़ने के बाद पाठकों को ऐसा प्रतीत होता है कि बस्तर अंचल अपने विविध रूप में इस संकलन में स्पंदित हुआ है, तो हम समझेंगे कि हमारा प्रयास सफल हुआ। आप पाठकों की समीक्षा से हमें और आगे बढ़कर कार्य करने हेतु मार्गदर्शन एवं संबल प्राप्त होगा, यही अपेक्षा है।

जगदलपुर
15 जुलाई 2017

—रूद्र नारायण पाणिग्राही
जगदलपुर

अनुक्रम

कहावतें / लोकोक्तियाँ (कहका)	17
मुहावरा (ठेचा–रेचा ठसा)	59
पहेलियाँ (धंदा)	133
कथा–पहेली (कहनी धंदा)	164

कहावतें/
लोकोक्तियाँ
"कहका"

कहावतें / लोकोक्तियाँ

"कहका"

बस्तर में लोकोक्तियों या कहावतों का अक्षय भंडार है। आकार की दृष्टि से ये कहीं छोटी तो कहीं बड़ी होती है। इनमें अनुभव, ज्ञान, कर्तव्य, हास–परिहास, स्वभाव और चरित्र को प्रकाशित करने की अद्‌भुत क्षमता होती है।

बस्तर की लोकोक्तियों में लोक जीवन की झाँकी दिखाई पड़ती है। इनसे बस्तरिया मानुष की वाक्‌पटुता और बुद्धि–चातुर्य का प्रकटीकरण तो होता ही है, साथ ही ये लोक के स्तरीय हास्यबोध का भी परिचय देते हैं। इस अंचल की हल्बी–भतरी जनभाषाओं में लोकोक्ति को "कहका" कहा जाता है ।

बहुत अधिक प्रचलित और लोगों के मुँह चढ़े वाक्य लोकोक्ति के तौर पर जाने जाते हैं। इन वाक्यों में जनता के अनुभव का निचोड़ या सार होता है। लोकोक्तियाँ आम जनमानस द्वारा स्थानीय जन–भाषाओं में हर दिन की परिस्थितियों एवं संदर्भों से उपजे ऐसे पद या वाक्य होते हैं जो किसी खास समूह, उम्र, वर्ग या क्षेत्रीय दायरे में प्रयोग किए जाते हैं। इसमें स्थान विशेष के भूगोल, संस्कृति, भाषाओं का मिश्रण इत्यादि की झलक मिलती है। जब कोई भाषा अन्य भाषाओं के सम्पर्क में आती है तब उनके अनेक मुहावरों और लोकोक्तियों को वह उनके मूल या अनुदित रूप में ग्रहण कर लेती है। संस्कृत अनेक भाषाओं की जननी है और उसमें लोकोक्तियों का अपार भंडार है।

अनेक लोकोक्तियाँ पौराणिक तथा ऐतिहासिक कथाओं पर आधारित होती हैं, अनेक लोगों के क्रियाकलापों के निष्कर्ष के रूप में होती है। कुछ व्यंग्य प्रधान होती है कुछ आदर्शों के लिए प्रेरणा स्वरूप होती है। कुछ सीख देने वाली कुछ दिशा–निर्देश करने वाली होती है, कुछ तत्वों का खंडन या मंडन भी करती हैं आदि–आदि। लोकोक्ति के लिए कहावत या सूक्ति शब्द

का प्रयोग भी होता है। कथा की संकेतक लोकोक्ति को हम कहावत कह सकते हैं। सभी लोकोक्तियों को कहावत नहीं कहा जा सकता। सूक्ति, सुंदर उक्ति या आदर्श उक्ति को कहते हैं। 'सुभाषित' आदर्श सूक्ति का पर्याय है।

बस्तर का जन–जीवन कृषि आधारित है। खेती के पुराने औजार फार, जुआँड़ी, बेसन, कासरा, बरही, रापा, कुदाली, हल वही है। धान, कोदो, कुटकी, मंडेया, अलसी, तिल, उड़द, कांदुल, गटका, गन्ना, मक्का, थोड़ी बहुत मात्रा में गेंहूँ आदि उगाए जाते हैं। महुआ, सलफी यहाँ का जीवनाधार है। मूली, विभिन्न प्रकार के भाजी, कुमडा, लाउ, सेमी, डोड़का, भेंडी, झुडंगा, छाती–बोड़ा, बैंगन, गोंदरी, विभिन्न प्रकार के कांदा, विभिन्न प्रकार के खाने योग्य जंगली फल यथा कुरलू, टेमरू, चार, अमड़ी, आँवला और न जाने कितने प्रकार के उपयोगी फल, फूलों में कुंद, मंदार, कुड़ई, हजारी, कनेर, पुड़न, पाड़जात, चम्पा इत्यादि । पालतू पशुओं में गाय–बैल, भैंस, बकरा–बकरी, सूकर, मुर्गे–मुर्गियाँ। अन्य जीव–जन्तुओं में ढेकुन, मेंडका, टेंडका, हड़ेर, लावा, छेचान, मछरी। वन्य जीवों में लमाहा, बाग, बेंदरा, मंगर, कोलेया, भालू, गंवर, डुरका के नाम बार–बार आते हैं। प्रायः सभी घरों में कसेला, थाली, जता, ढेकी, कोटनी, चूल्हा, कपाट, फड़की आदि हैं। भोजन में पेज, मंडेया–पेज, कनकी –पेज, भात, साग, आमट, पुड़गा, चापड़ा, नोन, भाजी मुख्य हैं। यहाँ जंगल, पहाड़, झरने, तालाब, नदी, पेड़–फूल, चाँद–तारे सारे के सारे महत्वपूर्ण हैं। तात्पर्य यह कि बस्तर की कहावतों, पहेलियों और लोकोक्तियों में यहाँ का जन–जीवन, सामाजिक रचना और सांस्कृतिक स्वरूप चित्रित है। लोक साहित्य एवं लोक जीवन की मुख्य आधार भूमि को वे प्रकट करती है।

हल्बी भाषी लोक जीवन में बहुप्रचलित लोकोक्तियाँ एवं उनके उदाहरण के साथ नीचे प्रस्तुत हैं–

♠ **अबुजा के कुकड़ा पूजा ।**

♣ नासमझ के आगे सारे प्रयास बेकार।

उदा0– समंजलो ने तो काईं बले करूक होती, अबूजा के काय कुकड़ा पुजा देयेन्दे।

♠ **अरकस देव के, बरकस पूजा।**

♣ जितने ताकतवर देवी–देवता, उनके अनुसार पूजन सामग्री।

उदा0– कसने बले मोचो बूता तो निमड़ो, अरकस देव के बरकस पूजा देयेन्दे।

♠ **अपढ़ के दुय थापड़ ।**

अनपढ़ को दो थप्पड़।

♣ अपमानित होना ।

अनपढ़ व्यक्ति को कदम–कदम पर ठोकर खाना होता है।

उदा0– दुय लिखड़ी पढुन रले, कोनी नी बलता अपढ़ के दुय थापड़।

♠ **आमा चो झड़नी, भोभड़ा डोकरा चो मरनी ।**

आम का झड़ना और बूढ़े का मरना।

♣ कुछ लोगों को किस्मत का भरपूर साथ मिलता है, जीवन में सब कुछ अनुकुल होता रहता है। ऐसे ही लोगों के लिए कहा गया है कि 'आमा चो झड़नी आउर डोकरा भोभड़ा चो मरनी'। अर्थ यह कि इधर आम पककर टपकना बंद हुआ और उधर भोभड़ा जिसके सारे दाँत गिर चुके हैं, की मृत्यु हुई। इसे इस तरह भी कह सकते हैं कि जब तक आम पककर गिरता रहा, बूढ़ा उन्हें खाकर प्रसन्न होता रहा, लेकिन जैसे ही आम खत्म हुआ, बूढ़ा चल बसा।

उदा0– 'डोकरा रोजे आमा रहोत ले राखा–जागा करे, एबाटे आमा झडुन सरली आउर हुन बाटे बोपड़ा बेचारा सरगपुर गेलो, आमा चो झड़नी आउर भोभड़ा डोकरा चो मरनी असन होली।'

♠ **आपलो बेटा, छाती के पेटा,**
पर बेटा, कुड़ार ढेटा ।

♣ अपना बेटा, अपना ही होता है, वह भले ही छाती पर मूँग दले, किन्तु पराया बेटा टँगेया ढेटा अर्थात् कुल्हाड़ी के मूँठ की तरह होता है, महत्वपूर्ण होते हुए भी उपेक्षित होता है। कहावत में अपना–पराया का व्यंग्य निहित है।

उदा0– आपलो बेटा आय बलुन ओगाय होवलो, पर बेटा होती जाले कुड़ार ढेटा बनातो।

♠ **आपलो कमाउन, आपलो खातोर ।**

स्वयं कमाकर स्वयं ही खाना।

♣ किसी के साथ साझा न करना ।

उदा0– एकलो मुँडेया आय ना, आपलो कमाउन आपलो चे खायेसे, पिला–झिला चो लेख नी करे।

♠ **उतलो गोरोस, चुली के लाभ ।**

उदण्डता, उफनता दूध, चूल्हे को लाभ।

♣ चूल्हे की तेज आँच में जब दूध उफनकर गिरता है तो वह निश्चित रूप से बरबाद हो जाता है। अर्थात् क्षणिक आवेश में आकर निरंकुश होकर व्यक्ति भी जब अपनी सीमा लाँघता है तो उपर उठने की गलतफहमी के कारण उसमें भी इतनी गिराट आ जाती है कि वह एकाएक चूल्हे में चला जाता है।

उदा0– 'आया बले केंव गेली जाले, जमाय गोरोस उतुन चुला ने गेली, एकेय बलुआत उतलो गोरोस चुली के लाभ।'

♠ **एक हात चो काकड़ी, नंव हात बीचा ।**

एक हाथ लम्बाई की ककड़ी और उसके नौ हाथ लंबे बीज।

♣ बढ़ा–चढ़ा कर कहना। बात का बतंगड़ बनाना।
बड़बोले लोग एक हाथ खीरा का नौ हाथ लंबा बीज बताने से भी नहीं चूकते।

उदा0– 'ठाबतो लोक एक हात चो बीचा के नव हात सांगुआत।'

♠ **ओछना चो पानी मंगरी ने केबय नी चेगे ।**

खपरैल का गिरता पानी पुनः उपर नहीं चढ़ता।

♣ अयोग्य व्यक्ति का कोई भी कार्य सफल नहीं होना।

उदा0 – आमचो भाग नाहलो काहाँ मिरेदे, ओछना चो पानी केबय मंगरी ने चेगली से ?

♠ **ओखनी चो डर ने खतड़ी के पकातोर नुहांय ।**

जूँ के डर से गुदड़ी नहीं फेंकी जाती।

♣ साधारण कष्ट या हानि के डर से कोई व्यक्ति काम नहीं छोड़ता।

उदा0– 'गोदी खोडुक जातोर आय, उरगा दुखा देयदे बलुन नाईं नी बल, ओखनी चो डर ने खतड़ी के पकातोर नौहांय।'

♠ **अंधार राज, बयहा राजा, आनायक भाजी, आनायक खाजा ।**

अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा।

♣ जहाँ मुखिया मूर्ख हो और न्याय अन्याय का ख्याल न रखता हो। वहाँ अन्याय होता ही है।

उदा0– जोन राज चो नाव अंधार राज, आउर राजा चो नाव बयहा राजा आय आउर जोन लगे आनायक ने भाजी आउर आनायक ने खाजा मिरेसे, हुसन लगे नाहले असन राज ने डंडीक थेबतोर नौहांय।

♠ **कतरनी टोण्ड।**

कैंची की तरह जबान चलाना।

♣ बिना अवसर–अनवसर देखे अथवा बिना छोटे–बड़े का लिहाज किए उल्टा–सीधा बकना।

उदा0– कतरनी असन चलते रये चयतु चो गोठ आउर ए बाटे उठ्ठान फरसी चमकालो रयनू गोंड।

♠ **कलार चो घरे पानी खादलो ने बले, मंद खादलो असन आय ।**

शराब के भट्टी में खड़े होने पर शराबी होने का शक।

♣ दोषारोपण। काजल के कोठरी में हाथ काला। बुरी संगत होने पर कलंक लगता ही है।

उदा0– मँय तो कतवाल पारा चो बाट के धरले, मके भाटीसार बाटे जाउन रये बलुन लटा देसत। कलार घरो पानी खावलो ने बले मंद खावलो से बलुन लटा देसत।

♠ **कवड़ी चो मोल ।**

कौड़ी के दाम।

♣ सस्ते कीमत या कम दाम पर बिकना।

उदा0– एसु चो कमालो धान हाट ने कवड़ी चो मोल गेली।

♠ **करम रले करमंगा, नाहले भंगभंगा ।**

किस्मत अच्छा हो तो ठीक अन्यथा बुरा ही बुरा।

♣ किस्मत साथ न देना।

भाग्य अच्छा हो तो सभी कार्य सफल होते हैं अन्यथा कर्म करने के बावजूद काम किसी न किसी कारण से खराब होता है।

उदा0– भाग ने लिखु रले मिरती, करम रले करमंगा, नाहले भंगभंगा।

♠ **कावा चो कडरले मनुख नी मरे ।**

कौए के श्राप से मनुष्य की मौत नहीं होती।

♣ व्यर्थ का श्राप।

फल दुःसाध्य नहीं होता।

उदा0– अंडखी फुटाउन कावरा चो सरापलो असन कितरय बलो, कावा चो कडरलो ने मनुख नी मरे।

♠ **काना हाण्डी ने पानी बोउन, करम के दोस ।**

छिद्रयुक्त हंडी में पानी लेकर आना और भाग्य को दोष देना।

♣ अकारण भाग्य कोसना।

कुपात्र का आश्रय लेकर भाग्य को कोसना अच्छा नहीं होता।

उदा0– दूसर चो दखा–दखी मंय बले काना हांडी ने पानी बोउन दिले, सोन आय बलुन पीतल के देउन ठगलो।

♠ **काना चो बड़गी ।**

अंधे की लाठी।

♣ एकमात्र सहारा।

सर्तक होना।

उदा0– 'काना चो बड़गी हारक हाजुआय, दूसर हार गोड़ खाले चेपाउन बसुआय।'

♠ **काना के नेवता ।**

अंधे को निमंत्रण ।

♣ मुसीबत मोल लेना।

गलत आदमी को निमंत्रण, एक के बदले दो का आना।
उदा0– सकत नी रलो बेरा, काना–खोड़ेया के हाक नी देतोर आय ।

♠ **काल चो हात समान, काय डोकरा काय जुआन ।**
काल के हाथ समान, क्या बूढ़ा क्या जवान।
♣ मृत्यु एक शाश्वत् सत्य है, वह सभी को ग्रसती है।
उदा0– मरनी इलो बेरा काल के दोस दिलो ने काय लाभ। काल चो हात समान, काय डोकरा काय जुआन ।

♠ **काकड़ी चोर के फांसी चेगातोर नोहांय ।**
ककड़ी के 0चोर को फांसी नहीं दी जाती।
♣ अपराध के अनुसार दण्ड दिया जाना चाहिए।
उदा0– 'काकड़ी चोरलो काजे बले फांसी चेगातोर, मँय पहिल खेप सुनले।

♠ **काना पादे, भयंरा हुकारे ।**
अंधा कहे , बधिर हामी भरे।
♣ कहे खेत की सुने खलिहान की।
कहा कुछ गया और कुछ समझा गया।
उदा0– धरून आन बल्ले मारून आनलो, नी होय एमन संगे, काना पादे भंयरा हुंकारे।

♠ **कावरा कोल्हार होतोर ।**
कौए का कोलाहल।
♣ बस्तर के लोक जीवन में 'कावरा कोल्हार' का अर्थ कौए के द्वारा वातावरण में कोलाहल करना होता है। प्रायः यह देखने में आता है कि किसी पशु के मृत देह के आस–पास, शरीर के मांस नोचने के दौरान अथवा जब किसी कौए की मृत देह के समीप कौओं की भीड़ उमड़ पडती है, इस दौरान कौओं की कोलाहल, समवेत स्वर गूँजता है। किसी सामाजिक कार्य के दौरान भी किसी विषय पर जब बहस छिड़ जाती है और एक कोलाहल का स्वर गूँजने लगता है तब भी 'कावरा कोल्हार' होयसे, कहा जाता है।

उदा0– 'धनसिंग चो बाप बीता मातुन इलोसे कायनूँ, घरे कावरा कोल्हार होयसे।

♠ **कानी आईंख उपर ले कजर ।**

फूटी आँख अर्थात् कानी आँख के उपर काजल का लेप।

♣ किसी में कोई कमी हो, और वह अपनी करतुतों से उस कमी को और बढ़ाए, तो उसे कानी आँख उपर से काजल कहेगें।

उदा0– हुनचो कहनी के नी सांगा, गोटोक आईंख कानी उपर ले कजर।

♠ **काना खोजे जोनी उजर, साहेब मोटर गाड़ा,**
पाइक खोजे बोकड़ा–कुकड़ा, कुकुर खोजे हाड़ा ।

अंधे को क्या चाहिए, चाँदनी रात का उजाला ही काफी है। अधिकारी को गाड़ी, बंगला, लालबत्ती, और कर्मचारी जब किसी गाँव में जाता है तो मूल कार्य को छोड़ पहले ही मुर्गा, बकरा, शराब ढूंढने लग जाता है। कुत्ते को क्या चाहिए, उसे एक हड्डी का टुकड़ा मिल जाए वही काफी है।

♣ आवश्यक या अभीष्ट वस्तु अचानक या अनायास मिलना। अपनी–अपनी जरूरत की तलाश, मनचाही वस्तु प्राप्त करना।

उदा0– 'बाप बल्लो बेटी के – जुआंय संगे एथा एउन राहा, सतरा–सतरी चो ताना कितरो दिन सुनासे, काना काय खोजे, दुय ठान आईंख।
बेटी– जुआंय गोठ के मानला।

♠ **किरकी कुड़ेया मंजुर झाल, दख समदी मोचो चाल ।**

टूटा–फूटा घर, बावजूद मेरी चाल, रहन–सहन देखो।

♣ शेख चिल्ली, दिखावापन।

उदा0– रतो काजे ठान निहांय, बड़े–बड़े ठाब। किरकी कुड़ेया मंजुर झाल, दख समदी मोचो चाल।

♠ **कुकड़ा नी बासलोर काय बेर नी उदे ।**

मुर्गे के बांग के बिना क्या सूर्योदय नहीं होता।

♣ किसी के बिना किसी का काम नहीं रूकता।

उदा0– तुचय बल्लो ने गाँव चो लोक मानदे, कुकड़ा नी बासलो ने बले बेर उदेसे, जानीस कसन जाले।

♠ कुकुर चो लेंगड़ी, सोन चो नरा ने भरलो ने बले सोज नी होय, बाकटा चो बाकटा रयेदे ।

कुत्ते की पूँछ, सोने की नली में भरकर रखें तब भी वह सीधी नहीं हो सकती, टेढ़ी की टेढ़ी ही रहेगी।

♣ लाख प्रयत्न के बावजूद, कुटिल व्यक्ति अपनी कुटिलता नहीं छोड़ता।

उदा0– 'मानसाय लेका भारी उबागरी आय हो, हुन कुकुर चो लेंगड़ी आय सोन चो नरा ने बारा बरख भरू रले बले हुनचो लेंगड़ी सोज नी होय।'

♠ कुकुर बले बसतो पूरे ठान के लेंगड़ी ले सफा करून बसुआय ।

कुत्ता भी बैठने के पूर्व, पूँछ से जगह साफ कर ही बैठता है।

♣ लाख कोशिशों के बावजूद दुष्ट अपनी दुष्टता नहीं त्यागता।

उदा0– खावतो पूरे हात के अच्छाय सफा पानी ने धोउन पेज खाउक बसतोर आय बलुन गाँव–पारा चो मास्टर रोजे दिना सांगेसे, मान्तर समंजलो ने तो ? बसतो पूरे कुकुर बले बसतो पूरे ठान के लेंगड़ी ले सफा करून बसुआय। समजान थाकले।

♠ केबे आमा, तो केबे लबेदा ।

कब आम फले तो उसे तोड़ने के लिए डंडा मारने की प्रतीक्षा करें।

♣ प्रतीक्षा करना।

उदा0– 'बरख दुएक जाउक देस, पयसा होली जाले तुचो काजे फटफटी घेनुन देयेन्दे बलेसे बाबा, केबे आमा धरेदे जाले तेबे मँय लबेदा पकायेन्दे।'

♠ कोयकी गुड़ा ने कावरा गार पाड़े ।

कोयली के घोसले में कौआ अण्डा दे।

♣ संगत का प्रभाव।

अच्छी संगति पर भी जातीय स्वभाव के कारण अपमानित होना।

उदा0– आमि काय जानूं कोयकी गुड़ा ने कावरा गार पाड़ेसे, काचो पिला के आनू पोसेसे जाले ?

♠ **कोन्दा चो गुर भेली ।**

गूंगे का गुड़।

♣ वह आनंद की अनुभूति, सुख का अनुभव जिसका वर्णन नहीं किया जा सके, भक्त को भगवान के चिंतन में जो आनंद मिलता है, वह कहा नहीं जा सकता, वह तो गूँगे का गुड़ ही रहेगा।

उदा0– जुगे लड़बड़ नी होव, कोंदा चो गुर भेली असन।

♠ **कोदो आउर लाहेर चो संग ।**

कोदो और अरहर का साथ।

♣ दो विपरीत स्वभाव वालों में कोई तालमेल कभी नहीं बैठता। जिस तरह शेर और बकरी एक घाट में पानी नहीं पी सकते, शीशे और पत्थर में दोस्ती नहीं हो सकती, उसी तरह 'कोदो आउर लाहेर का संग' नहीं हो सकता।

उदा0– तुय बले नी समजुन हुनचो संग के धरलीस, कोदो आउर लाहेर चो संग होउक सके?

♠ **कोचई उछलाते–उछलाते, मुंड के खजाये ।**

घुईयाँ या अरबी छिलते–छिलते सर खुजाना।

♣ उहापोह की स्थिति, तत्काल फैसला लेने में कठिनाई महसूस करना। विपरीत परिस्थितियों में किंकर्तव्यविमूढ़ होना अलग बात है, लेकिन जब एक साथ बहुत से काम करने पड़ जाएँ, तो आदमी क्या करे और क्या छोड़े।

उदा0– भार खोजरी कोचई उछलातो बेरा फेर मुंड बले खजातोर।

♠ **खड़ जोय आउर नीच चो संग ।**

पैरावट की आग और नीच की दोस्ती।

♣ जिस तरह पैरावट में लगी आग क्षण भर में जलकर राख हो जाती है, उसी तरह गिरे हुए व्यक्ति की दोस्ती भी अधिक समय तक कायम नहीं

रहता।

उदा0– तुचो बले संग धरतोर जे, कोनी नी मिरला ? सबे दिन सांगलोर आसे कि खड़ जोय आउर नीच मनुख चो संग डंडिक होउआय।

♠ **खाओत ले संग, बांधोत ले मीत ।**

खाते तक साथ और मीत बंधते तक साथ।

♣ स्वार्थी, मतलबी ।

जब तक लोगों को अपना उल्लू सीधा करना रहता है, बहुत मीठा–मीठा बोलते हैं, लेकिन जैसे ही मतलब निकला वो असली रंग दिखाने लगते हैं। हल्बी के इस लोकोक्ति "रहोत ले भाटो नाहले चेटा चाटो" से भी अर्थ सिद्ध होता है।

उदा0– धन रहोत ले मामा–भाचा दुय दिन संगे रला एबे खाओत ले संग बांधोत ले मीत असन होवला।

♠ **खिलंवा ना पंयड़ी, जुगे उधले भंयरी ।**

कर्ण आभूषण ना, और ना पावों की पंयड़ी (पैरों का आभूषण) बहरी महिला का अधिक उतावलापन।

♣ उतावलापन।

व्यर्थ का उतावलापन।

उदा0– काने हाते काईं निहांय आउर भंयरी चो उधल–छटक के दखा।

♠ **खेलाए–कुदाए नाव नाइ, गिराए–पड़ाए नाव ।**

खेलाया–कुदाया नाम नहीं, गिर पड़ा तो बदनाम हो जाना।

♣ उपकार के स्थान पर बदनामी।

उदा0– आजिकालि जस करले बले, खेलाए–कुदाए नाव नाइ, गिराए–पड़ाए नाव होउ आय।

♠ **खोजी खाउ के, चोण्डी ने घाव ।**

साधन का छिन जाना अथवा साधन विहीन होना।

♣ प्रतिदन मेहनत करके जो व्यक्ति अपना पेट पालता है, वह साधन यदि छिन जाए तो उसकी स्थिति दयनीय हो जाती है, यह कहावत श्रमिक

की विवशता को रेखांकित करती है। यहाँ कहावत में प्रयुक्त 'चोंडी' का आशय मुख से है।

उदा0– 'रोजे खोजुन खावतो लोक चो चोंडी ने घाव होली, दुनों पाँय टुटली, कसन करेदे जाले।'

♠ **खोरलही कुतरी के गादी ने ठान ।**

खुजली वाले कुत्ते को सिंहासन में स्थान।

♣ जब कोई कुरूप व्यक्ति श्रृंगार करता है, सुन्दर वेशभूषा धारण करता है तब इस कहावत का प्रयोग किया जाता है।

उदा0– 'दखा खोरलही कुतरी के गादी ने ठान मिरली, थोतना करेया भिंग–भिंगा, मान्तर फटई चो उजर के तो दखा।

♠ **गंगा गेलो कुकुर, पतरी चाटेदे कोन ।**

कुत्ता गंगा गया, पत्तल कौन चाटेगा ?

♣ निठल्ला, कामचोर, आदत से लाचार ।

उदा0– जमाय बुता के करते करले तो होयेदे, कुकुर चो गंगा गेले पतरी कोन चाटेदे ।

♠ **गाय आड़े, कोकोड़ा जिए ।**

गाय की आड़ में बगुले का जीवन–यापन।

♣ दूसरों पर आश्रित होना।

उदा0– दूसर चो बुद ने रले कितरो दिन गाय आड़े कोकोड़ा जियेदे ?

♠ **गाय रले दियारी आय, बेटा रले बुआरी आय ।**

जिस घर में गाय है वहाँ दियारी, बेटा हो तो बहु ।

♣ सम्पन्नता।

उदा0– मांगा खाया घरे फेर काय मिरेदे ता, गाय रले दियारी आय आउर बेटा रले बुआरी आय।

♠ **गार देये कोयकी, कावा सेउक बसे ।**

अंडे दे कोयल, कौआ सेने बैठे।

♣ परिश्रम कोई करे, लाभ कोई दूसरा ले।

उदा0– 'हुन सदा दिने मसागत करते रलो, लाभ मिरतो बेरा दूसर के मिरली। ये तो हुनी गोठ होली गार देये कोयकी, कावा सेउक बसे।'

♠ **गुलाय राज बुलुन नाचे, घर चो फड़की मेला ।**

सारा जग घूम–घूम कर नाचने वाले का उसके घर का दरवाजा खुला।

♣ पर उपदेश कुशल बहुतेरे।

उदा0– 'बड़े–बड़े गोठेयायेसे, गुलाय राज नाचतो बीता चो घर चो फड़की मेला आसे।

♠ **गोबर गनेस ।**

गोबर गणेश।

♣ बिल्कुल बुद्धु होना।

उदा0– एसु बले पास नी होलो गुरजी, इनम गोबर गनेस होवलो।

♠ **गोरोस बीती गाय चो लात बले खाउक पड़ुआय ।**

दुधारू गाय के लात भी खाने पड़ते हैं।

♣ जिससे लाभ होता है, उसके नखरे भी सहने पड़ते हैं।

उदा0– कमानी ना धमानी गारी खाउन बले भाई–भाउज संगे रहुक पड़ेदे, गोरोस बीती गाय चो लात खाउक चे पड़ेसे।

♠ **गोटोकी लगे भंडवा रले ठेटा–ठेटी होउआत ।**

एक जगह बर्तन हो तो आवाज़ आती है, अर्थात् जहाँ चार बर्तन होगें वहाँ खटकेगें भी।

♣ सभी का मत एक जैसा नहीं होता।

उदा0– बेटा काजे बोहारी आनलास, अलगाउन दियास, कमाउन खाओत, गोटकी लगे रले भंडवा ठेटा–ठेटी होते रहेदे।

♠ **गोरोस चो गोरोस आउर पानी चो पानी ।**

दूध का दूध और पानी का पानी।

♣ सच और झूठ का सही फैसला।

उदा0– मँय दखायेन्दे चीना, गारोस चो गोरोस आउर पानी चो पानी होउन जायेदे ।

♠ **गोरोस खाया टोण्ड ।**

दूध पीने वाला मुंह।

♣ दूध पीता अर्थात् नन्हा बच्चा। छोटी मुंह बड़ी बात।

उदा0– बड़े–बड़े गोठेयायेसे, गोरोस खाया टोंड ने।

♠ **गोटोक हाते धर, दूसर हाते देस ।**

एक हाथ ले, दूसरे हाथ दे।

♣ स्पष्टवादिता।

उदा0– गोटोक हाते पयसा धर आउर दूसर हाते भंयसा के आनुन बांदुन देस।

♠ **गोटोक आवा चो भंडवा ।**

एक आवे का बर्तन।

♣ सबका एक जैसा होना, जैसे कुम्हार के आवे में सभी बर्तन एक से पकते हैं।

उदा0– भिने–भिने दखा दिलों ने बले गोटकी आवा चो भंडवा आय ।

♠ **गोटोक कोलेया हुआ–हुआ, जमाय कोलेया हुआ ।**

एक सियार का हुआ–हुआ, सभी सियारों का हुआ।

♣ अंधानुकरण।

उदा0– कोनी एक दूसर चो गोठ के नी सुनोत, गोटोक कोलेया हुआ–हुआ, जमाय कोलेया हुआ।

♠ **गोहड़ा घरो सोहड़ा रांदा ।**

अधिक व्यक्तियों के लिए पकने वाले व्यजंन साफ–सुथरे नहीं पकते।

♣ सफाई का न होना।

उदा0– इतरो झोप चो रांदा के सफा बरन चो रांदा–बाड़ा कर बल्ले काहाँ ले होयदे, गोहड़ा घर सो सोहड़ा रांदा सबे दिन चलेसे।

♠ **गोटोक हिरला, गाँव भर के खोखली ।**

औषधि युक्त फल हर्रा एक और सारा गाँव खाँसी से परेशान।

♣ एक अनार सौ बीमार।

चीज का कम होना, चाहने वाले ज्यादा होना।

उदा0– बाटी लावा चो साग, सबके पुराव बल्ले काहाँ होयेदे? गोटोक हिरला, गाँव भर के खोखली ।

♠ **गोटोक निस, बारा दोस ।**

♣ एक बहाना, बारह दोश

लांछन लगाने वाले को सिर्फ एक बहाना चाहिए।

उदा0 – आले हाट गेले जाले काय होली ? लड़तो लोक के गोटोक निस मिरली कि बारा दोस डगराते रदे।

♠ **गोठ–गोठ ने गोठ बाढ़ुआय, पानी ने बाढ़ु आय धान, तेल–फूल ने पिला बाढ़ुआय, खिलवां ने बाढ़ुआय कान ।**

♣ बातों–बातों में बातें बढ़ना।

कहा जाता है कि बातों–बातों में बात बढ़ती चली जाती है। खेत में पानी हो तो फसल की पैदावार अच्छी होती है। उसी तरह लोक जीवन में मान्यता है कि नवजात बच्चों की हाथ–पैर की मालिश और सेकाई आवश्यक है जिससे बच्चे की बाढ़ में सहायक सिद्ध हो और उसी तरह खिलवाँ नामक आभूषण कान में पहन लिया जाय तो कान की लंबाई बढ़ जाती है।

उदा0– गोठ–गोठ ने गोठ निकरतो के जमाय भुरलुन गेलु, हुत्ताय सांज होली ।

♠ **घर चो धन के कुकुर खाय, दूसर घरे मांगुक जाय ।**

घर का धन कुत्ता खाए, और स्वंय दूसरों के घर मांग कर खाय।

♣ सामर्थ्यवान, बावजूद दूसरों से अपेक्षा।

उदा0– रलो धन के कुकुर बाटा, दूसर घरे मांगुक जातो अच्छा निहांय।

♠ **घर चो ना घाट चो ।**

घर का ना घाट का।

♣ दुविधा में पड़ना।

उदा0– हाट जातो काजे टाकुन–टाकुन थाकले, बेरा फिटली पाछे, अदांय घर चो होले ना घाट चो।

♠ घर चो बुड़गा के बिक आउर निआव करूक सीख।

घर की पशुओं को बेचकर बात करना सीखना ।

♣ घर की दौलत उड़ाकर मौज करना। घर फूँक तमाशा देख।

उदा0– घरे खावतो काजे निहांय जे, रलो गाय–बयला के बले बिकलास आउर ठाब बड़े–बड़े ।

♠ घरे निहाँय रांदा, दुआरे भंयसा बांदा ।

घर में खाने को अन्न नहीं, किन्तु आंगन में भैंस बांधना।

♣ झूठा दिखावा करना, न होने पर ढोंग करना।

उदा0– 'खावतो काजे रोजे झिकाटाना, मान्तर नावा फटफटी घेनुन लोक के दखातो लोभ के दखा। घरे निहाँय राँदा, दुआरे भंयसा बाँदा।'

♠ चामड़ी जाओ, फेर दामड़ी नी जाओ ।

चमड़ी जाए, पर दमड़ी न जाए।

♣ बहुत अधिक कंजूसी करना।

उदा0– 'पिला मन काजे केबय लाई–चना बले नी घेनून देये, काय सूम, काय सूम। चामड़ी जाओ मान्तर दामड़ी नी जाओ।

♠ रहे जोगी मंदे–मास, नी रहे जोगी पड़े उपास ।

जब तक मांस–मदिरा मिले खाया, और जब न रहा तो उपवास ।

♣ भविष्य के प्रति लापरवाह होना।

उदा0– रहोत ले पेट भर संग साथी संगे मास भात खादलो, सरतो के उपास करसे।

♠ चइत महेना चो पानी, आउर दसराहा बोकड़ा ।

चैत्र माह का पानी, और दशहरा बकरा।

शांत रहने से अधिक कोई सुख नहीं।

♣ बुरा–भला न कहना, शांत रहना।

जो मनुष्य चुप रहता है उससे हजार बोलने वाले हार मान लेते हैं।

उदा0– 'लड़ई झगड़ा ने रतोर नुहाय, बला–बली होतोर पलटा ओगाय रतोर अच्छा आय, चुप ले आगर सुख नाई।

♠ चोरलो धन के, दांदर नापा ।

चोरी की हुई वस्तु को दांदर से नापना।

♣ चोरी या हराम की कमाई का गलत मूल्याकंन।

दांदर मछली पकड़ने का बाँस से बना हुआ एक साधन होता है। चोरी किया हुआ सामग्री के विभाजन के लिए कोई साधन या परिमाण उपलब्ध न हो तो समीप पड़ा दांदर से ही विभाजन करने में क्या बुराई।

उदा0– निकराउन–निकराउन घर ले देउन देसीस जे, ये चोरलो धन के दांदर नापा असन करलो ने भलई आय।

♠ जसन देस, हुसन भेस ।

जैसा देश, वैसा वेश।

♣ जहॉ रहना हो वहीं के रीतियों के अनुसार आचरण करना चाहिए।

उदा0– 'जसन देस चो हुसन भेस, धोती पिंदलो ने काय होली।'

♠ जसन बांवस चो हुसन बास्ता ।

जैसा बांस, वैसा ही करील अथवा बास्ता ।

♣ जस बाप का तस पूत।

उदा0– पढुन–लिखुन नवकरी पावलो, जसन बांवस चो हुसन बास्ता होयेदे।

♠ जितरो बड़े ढोल, हुतरय पोल ।

जितना बड़ा ढोल, उतना ही पोलापन ।

♣ दिखावापन।

अपनी कमी प्रकट नहीं होने देना।

उदा0 – चुच्छाय फुकलो ने नी होय, जितरो बड़े ढोल चो हुतरय बड़े पोल।

♠ **जुगे चतुर के दुआरे ठान ।**

अधिक चालाक व्यक्ति को आँगन में स्थान।

♣ चालाकी काम न आना।

उदा0– जुगे चतुर के दुआरे ठान, मड़कही रूख ने चेगुन झपके टुटायेन्दे बलते रूख ले पडुन गेलो।

♠ **जोड़ा आईख बीता काना ।**

दो आँखों रहते हुए भी अंधा।

♣ लापरवाह।

उदा0– तुचो जोड़ा आँईख फुटली, नी दखा देयेसे कायनूं ? मनुक के खुंदुन नाहकेसे।

♠ **टिरटिरी, उपरे पुरानी ।**

टिरटिरी अर्थात् चोट लगने पर जांघ में होने वाली गुठली या गोही। गुठली के उपर एक और गुठली।

♣ मुसीबत आ बनना।

मुसीबत पड़ना, अचानक विपत्ति आ पड़ना।

उदा0– गाड़ा फांदलो बेरा असगुड़ चो फुसकतोर उपर ले जुआंड़ी चो दुय गोंदा होवतोर टिरटिरी उपरे पुरानी होली।

♠ **टींग–टाँग लोहरा, बासी भात खावरा ।**

शोर भरे दिन में परिश्रम करना और बासी खाना।

♣ परिश्रम का फल न मिलना।

उदा0– डोंगरी के उलटाले मान्तर टींग–टांग लोहरा, बासी भात खावरा असन होली, केंव गेली जाले मुसा

♠ **टुई ने निहांय लेंगटी, मुंडे मोंगरा फूल ।**

तन में कपड़ा नहीं किन्तु सर में मोंगरे का फूल।

दिखावापन।

♣ निर्धन व्यक्ति का धनी–मानी व्यक्तियों के साथ मित्रता करने का प्रयास।

उदा0– 'घरे खावतो काजे निहांय मान्तर संग दखा बड़े–बड़े चो एकय बलुआत टुईं ने निहांय लेंगटी, मुँडे मोंगरा फूल।'

♠ **टोण्डकहीन बायले चो लागुन,**
कावरा बले छानी ने नी बसे ।

झगड़ालू महिला के कारण कौआ भी छत में नहीं बैठता।

उदा0– ए टोण्डकहीन बायले चो झगड़ा के नी सांगा, हुनचो लागुन कावरा बले छानी ने नी बसे।

♠ **टोण्ड दखुन बीड़ा,**
पिंडा दखुन पीढ़ा ।

♣ पक्षपात करना। सामर्थ्य के अनुसार मुंह देखकर बीड़ा अर्थात् पान और पिंडा अर्थात् पिछवाड़ा देखकर आसन देना।

उदा0– मंय जानलें आपलो बेटा काजे बेटी देयेदे बलुन हुनचो जुगे चे मानदान करेसे, मुंह के दखुन बीड़ा आउर पिंडा के दखुन पीढ़ा ।

♠ **ठग जाने ठग चो भासा ।**

ठग की भाषा ठग ही जानें।

♣ जो व्यक्ति जिस स्थान या समाज में रहता है, उस स्थान या समाज की भाषा समझ में आती है।

उदा0– आमि काय जानूं ठग चो भासा, ठग जाने ठग चो भासा ।

♠ **ठाबरी चो नंव नांगर, दखलो नें गोटोक नांई ।**

झूठे का नौ हल, देखने में एक भी नहीं।

♣ गाँव में जब लोग काम नहीं करते, वे बैठ कर ताश, चौपड़ या खिड़खिड़ी खेलते रहते हैं, गप्प मारते हैं या फिर अराजकता फैलाते हैं, अपनी कमजोरियों को छिपाते हैं। बढ़ा–चढ़ा कर अपना बखान करते हैं। इसी शेखचिल्ली को उजागर करने वाली यह कहावत है।

उदा0– टाबरी बरन चो आय ना, भोरसा करतोर नुहाय, ठाबरी चो नंव नांगर, दखले गोटोक नाई।

♠ **ठेलाहा बनेया, हलाए कन्हेया ।**

बेकार बैठा बनिया, कमर हिलाता है।

♣ व्यर्थ कार्य में उलझे रहना।

उदा0– गदेया भरलो धन ने बनेया काय करदे ? कन्हेया चे हलाएदे ?

♠ **ठेलाहा बनेया काय करे,**
गदेया चो धान के गदेया ने भरे ।

बेकार बैठा बनिया क्या करे ? इस कोठी का धान उस कोठी में भरे।

♣ व्यर्थ कार्य में समय व्यतीत करना।

उदा0– ठेलाहा चो बुता तो, ए गदेया नाहले हुन गदेया ।

♠ **डांडे मारलो पानी, चांडे नी अदरे ।**

रास्ते में गिरा हुआ पानी की निकासी जल्दी नहीं होती।

♣ समय देख कर धैर्य से कार्य करना।

उदा0– झपके कर बल्लो ने काहाँ ले होयदे, डांडे मारलो पानी झटके नी अदरे।

♠ **डेंगा चो मुंडे दुय ठेंगा ।**

उँचे व्यक्ति को पहले ही डंडा पड़ता है, अर्थात किसी कार्य का दोष उस व्यक्ति पर मढ़ा जाता है, जो कार्य बिगाड़ने वालों में पहले दिखाई पड़े या जो आगे रहे ।

♣ दोष मढ़ना। चालाकी दिखाना।

उदा0– पुरे पुरे होतोर नोहांय बूता नसलो ने बदी करूआत, जोन मनुख डेंगा हुनचो मुंडे ठेंगा।

♠ **डोकरा रूपु, नावा पाठ पड़े ।**

बूढ़ा तोता नया पाठ पढ़े।

♣ बूढ़ा तोता भी कहीं पढ़ता हैं ? बुढ़ापे में कुछ सीखना मुश्किल होता है। मान्यता के अनुसार, तोता एक बार जो सीख लेता है जीवन भर उसे रटता रहता है, चाहे कितना भी बूढ़ा हो जाय किन्तु, बुढ़ापे में वह नया सीखने के योग्य नहीं होता। लोक जीवन में लोकोक्ति के रूप में इसे प्रयोग के तौर पर कहते है कि डोकरा रूपु अर्थात् बूढ़ा तोता बूढापे में

नया पाठ पढ़ता है।

जैसेः– 'डोकरा पढ़ई बाटे जाते रले मान्तर डोकरा रूपु बले नावा पाठ पढ़ुआय?'

♠ **तरई ने पानी नाईं, मंगरी पोसेया चो हरबर ।**

तालाब में पानी नहीं, मछली पालक का उतावलापन।

♣ दिवास्वप्न ।

उदा0– धन कमातो काजे बले धन लागुआय, तरई ने पानी नाईं मंगरी पोसतो काजे हलवाल होले नोकसान चे होएदे ।

♠ **तेली चो तेल के दख आउर तेल चो धार के दख ।**

तेली का तेल देखो और तेल की धार देखो।

♣ धैर्य से काम लेना।

उदा0– धर सकल नी होव ना, तेल के दख आउर तेल चो धार के दखुन बुता कर।

♠ **दान दिलो गाय चो दांत दखतोर नुहाँय ।**

दान के गाय के दाँत नहीं देखे जाते ।

♣ मुफ़्त में मिली वस्तु के गुण–अवगुण नहीं देखे जाते।

उदा0– काय के दखसीस गुनुक? काचोय दान दिलो गाय चो दाँत के दखतोर नुहाय।

♠ **दईब चो दिलो जीव के, चाउर नी पुरलोर हानुक तो नी सकें ?**

ईश्वर का दिया हुआ जीवन, समय से पहले कोई ले नहीं सकता।

♣ इंतजार करना।

उदा0– दुय–चार बरख जाउक दियास ता, दईब चो दिलो जीव के, चाउर नी पुरलोर हानुक तो नीहोय।

♠ **दुय दिन चो हाट, आजि मरले काली दुय दिन ।**

दो दिन की दुनियाँ, आज मृत्यु हो तो कल दो दिन।

♣ कर्म करते रहना, अग्रसर रहना।

जीवन में शरीर के साथ कष्ट लगा रहता है, बुद्धिमान व्यक्ति युक्ति से और बेवकूफ रो–रोकर जीवन जीता है। जो मन में इच्छा हो उसे तत्काल कर लेना चाहिए।

उदा0– आजि कालि करले नी होय सरलगा सारलो ने होयदे। दुय दिन चो हाट के फेर लमाउन नी बसतोर आय।

♠ **दुला के सुखलो पतरी, बजनेया के थारी ।**

दुल्हा को सूखा पत्तल, वादक को थाली।

♣ बेतरतीब काम करना।

उदा0– कसन दुला के पतरी ने आउर बजनेया के थारी ने दिलो असन बनालीस, तुके धरून आन बलतो के मारून आनसिस।

♠ **दुनों हात ने लाड्डू, बोबो ।**

दोनों हाथों में लड्डू ।

♣ दोनों ओर लाभ।

उदा0– काहांय हांडा के भेटलो कायनू, मांगुन खावतो बीता आजि दुनों हाते लाडू–बोबो।

♠ **देव इले टांगरा मुंडे बले एउआय ।**

दैवीय शक्ति के आरूढ़ होने के लिए सिर में बाल होना अनिवार्य नहीं, बिना बाल अर्थात् टकले सिर वाले के उपर भी आरूढ़ होती है।

♣ भाग्यशाली होना।

उदा0– पड़ेया भुंय ने एसु अच्छाय धान होली, मसागत करलो ने टांगरा मुंडे बले देव एउआय।

♠ **धीर रले खीर आय ।**

धैर्य रहने से खीर है।

♣ धैर्य का फल मीठा होता है।

उदा0 – आजि चे खाउन आजि चे मरेदे असन धिरजा निहांय, धीर रले सबे दिन खीर आय।

♠ **धुका चो माल फूका ने गेली ।**

धौंकनी का माल फूकने में गई।

♣ मुफ्त का माल मुफ्त में जाना।

उदा0– फोकाहा चो माल कितरो दिन चलती, धुका चो माल फूका ने गेली।

♠ **नंदी ने मछरी, टिकरा ने मोल ।**

जल में मछली, मैदान में मूल्याकंन।

♣ बिना देखे मोलभाव। जल्दबाजी।

उदा0– मोल करतो पूरे जिनीस के दखुन मोल करलो ने तो अच्छा आय नी दखलो ने तो नंदी ने मछरी आउर टिकरा ने मोल असन होयदे।

♠ **नाक चो सिंगान ।**

नाक का रेमट।

♣ निक्रिष्ट ।

उदा0– तुचो ले बड़े–बड़े मोचो लगे एउन पाँय पड़सत तुय काहाँ नाक चो सिंगान ?

♠ **नावा बयला चो चिकन सींग,**
हिंड रे बयला, टिंग –टिंग ।

नये बैल का चिकना सींग और चाल दोनों चितेरे होते हैं।

♣ प्रारंभ में देख–रेख, बनाव–श्रृंगार का अधिक ख्याल रखा जाता है, चाहे वह लंगड़ा के भी चले तो अच्छा ही लगता है।

उदा0– नावा–नावा दुय दिन, पाछे तो बुड़गा के कितरय खेदले बले हुतरो जोड़ काहां ले पाएदे।

♠ **नानी मीरी, खुब्बे झार ।**

छोटी सी मिर्ची, तीखापन अत्यधिक।

♣ देखन में छोटन लगे, घाव करे गंभीर।

उदा0– नी लाग बाबू हुनके दखतो ने नानी दखा देयेसे मान्तर नानी मिरी जुगे चे झार आय।

♠ **नाई मामा ले काना मामा आगर ।**

मामा न हो तो काना मामा ही सही।

♣ काम निकालना।

उदा0– आले बूता के सारतोर चे आय, नाई मामा ले काना मामा आगर।

♠ **नानी असन कहनी, गुलाय रात उसनींदा ।**

छोटी सी कहानी, पूरी रात जागरण।

♣ छोटा कार्य किन्तु अधिक कष्टप्रद।

उदा0– नानी असन बूता काजे दिन बूड़ली, नानी असन कहनी काजे गुलाय रात उसनींदा।

♠ **नांगर डांडी चो कडरी ढेटा ।**

अनुभवहीन व्यक्ति की दोषपूर्ण कार्रवाई।

♣ किसी जुगाड़ु लालची का निरर्थक श्रम, काम ऐसा किया कि नांगर की डंडी, छुरे की एक छोटी सी मूँठ बन कर रह गई है। यहाँ हल की लकड़ी रचनात्मक दृष्टिकोण को उजागर करती है और छुरे की मूँठ, हिंसा को व्यक्त करती है।

उदा0– 'फोकाहा होली, नांगर चो डांडी बनायेन्दे बलते–बलते कडरी ढेटा बनली।'

♠ **नांगर जितली बूटा फिटली ।**

हल आगे बढ़ गया, पौधा चूक गया।

♣ हाथ से अवसर निकल जाना।

उदा0– दिन भर ने गोटोक मोटोर, हुन बले जितुन गेली, नांगर जितली बूटा फिटली।

♠ **नी खांय–नी खांय, तीन टाठी,**
गोसेया दखुन दतुन काड़ी ।

♣ दिखावा पन। यह कहावत किसी स्त्री की चरित्रहीनता को प्रदर्शित करता है।

उदा0– लुकाउन खावतोर टकर पड़ली से, एबाटे नी खांय–नी खांय तीन टाठी, गोसेया दखुन दतुनकाड़ी।

♠ **नुआ नुआ नव दिन, जुना सव दिन ।**

नया नौ दिन, पुराना सौ दिन ।

♣ नई वस्तुओं का विश्वास नहीं होता, पुरानी वस्तु टिकाउ होती है।

उदा0– आले दखवां नुआ–नुआ नव दिन जुना सव दिन चो होउ आय।

♠ **नुआ हांडी, झिझरी कानी, संगे जावाँ तरई पानी ।**

नया हंडी, बारीक रिसना, साथ चलो तालाब की पानी लेने।

♣ एक युवती अपनी सहेली को छेड़ती है कि, तू नईं हंडी है, लेकिन किस काम की। जिस तरह नईं हंडी में पानी ठहरता नहीं है रिसता चला जाता है वैसे ही तुझमें कई छेद (दोष) हैं, पानी तुझमें ठहर नहीं पायेगा, फिर भी यदि साथ चल सको तो चलो।

उदा0– जों री तरई घाटे पानी काजे एउआस, मान्तर सुन दखलो लोक बलदे, नुआ हांडी झिझरी कानी, संगे जायेसे तरई पानी।

♠ **नोखे नाहलो चोचो, कन्हेया ने खोचो ।**

♣ अपरिहार्य वस्तु का प्राप्त होना।

उदा0– केबय नी दखलो धन के दखाते बुलेसे, नोखे नाहलो चोचो– कन्हेया ने खोचो।

♠ **पर भरोसा, नांगर खोसा, हात भर–भर मेंछा ।**

♣ दूसरों पर निर्भर रह कर कार्य करना।

अपना कार्य दूसरों के उपर छोड़कर आश्रित रहना कभी–कभी नुकसानदेय होता है। बड़ी–बड़ी लच्छेदार और बनावटी बातों में भी नहीं आना चाहिए।

उदा0 – पचास एकड़ रलो थाने बले, पर भरोसा नागर खोसा।

♠ **पानी ने रहुन, मंगर संगे बयेर ।**

पानी में रहकर मगर से बैर।

♣ आश्रय देने वाले से शत्रुता नहीं करनी चाहिए।

उदा0– 'सावकार रतो काजे घर कुड़ेया दिलो, एबे हुनके झगड़ा लागसीस, पानी ने रहुन मगर संगे बयेर करतो नोहाँय।'

♠ **पिला मन के लागा नाई,**
तिल मरान्ह ने हागा नाई ।

बच्चों की उम्र, चँचलता भरी होती है। कई बार उनसे लगना मुसीबत मोल लेना होता है। उनकी हाजिर–जवाबी देखते बनता है। कई बार कुछ मामलों में व्यक्ति निरूत्तर हो जाता है। उसी तरह ग्रामीण अंचल में कहावत के माध्यम से कहा गया है कि जिस तरह तिल के खेत में शौच जाना मुसीबत भरा होता है। शौच के दौरान तिल के पौधों का अंश चुभने का भय होता है, उसी तरह बच्चों से बिना सोचे–समझे लगना मुसीबत भरा हुआ होता है।

♣ मुसीबत मोल लेना।

उदा0 – पिला मन के नी जानुन लागतो नुहाँय, नाहले तिल बाड़ी ने हागलो माहा होयेदे।

♠ **पिला बाय, बुय–बाय ।**

बच्चों की उम्र, चँचलता भरी होती है।

♣ विवेकहीनता।

उदा0 – पिला मन के भुति तिहारलो ने कसन होयदे, पिला बाय, बुय–बाय।

♠ **पिला बाय, बुय–बाय,**
पिंडा बाटले जीव जाय ।

बच्चों का स्वभाव जी का जंजाल, शैतानी करना।

♣ चँचलता। कभी–कभी छोटे बच्चे इतने शैतान होते हैं कि उन्हें समझाना भी बड़ा कठिन होता है। बालहठ के सामने किसी का वश नहीं चलता। ऐसे में उन बच्चों के लिए यह कहावत ही प्रचलित हो गया कि इनके प्राण भी सीधे न निकल कर पिछवाड़े से निकलता है।

उदा0 – ओगाय किंदलदांय नी रए, डंडिक तो ओगाय रतो, तेबे तो बलुआत पिला बाय, बुय–बाय, पिंडा बाटले जीव जाय।

♠ **पिला बाय बुय–बाय, खंगार संग जेहेल जाय ।**

विवेकहीन बालक का चोरों का साथ हो तो जेल जाना तय है।

♣ विवेकहीनता। कुसंगत से प्राण जाने का भय रहता है।

उदा0 – दुय दिन खंगार मन संगे मजा मारलो, अदांय खंगार चो संग जेहल गेलो ।

♠ **पूरे–पूरे मलमलतोर ।**

सामने–सामने होना।

♣ अयोग्यता के बावजूद आगे होना।

उदा0– नी जानून बले पूरे–पूरे होतोर अच्छा नोहांय।

♠ **पूरन पान टल–मल,**
रांडी चो बेटी मल–मल ।

चंचलता, उच्छश्रृखंल होना।

♣ जिस तरह पूरन नामक पौधे का पत्ता चंचलता लिए हुए होता है, हल्के वायु के झौंके में भी चलायमान, कंपित होता रहता है, उसी तरह रांडी अर्थात् बेवा स्त्री की बेटी की तुलना चंचलता से की गई है।

उदा0– डंडिक गोटोक लगे तो बसतो, कोनी लगे दखा मल–मलते रहेदे ।

♠ **पेट चो नाव जगले जीता,**
सांज बेरा भरलो ने बिहाने चुछा ।

पेट का नाम सबसे जुदा, शाम को भरा तो प्रातः फिर खाली।

♣ उदर के लिए सदैव प्रयासरत रहना, किन्तु फिर भी पेट भरता नहीं ।

उदा0– कितरय कमालो ने बले सांज बेरा भरलो ने बिहाने चुछा।

♠ **पेटे नाहलो पिला, राम–लयखन नाव ।**

पेट में बच्चा नही, राम–लक्ष्मण नाम।

♣ समय से पूर्व काम करना, उतावलापन।

उदा0– खावतो काजे भंडवा नीहाय मुंडा माहाल चो सपना, पेटे नाहलो पिला, राम–लयखन नाव।

♠ **फुलसुँदरी बेरा ।**

फूल सा सुंदर और प्यारा समय ।

♣ समयमान।

एक ऐसा अवसर जब संध्या होने को हो, और हल्की बारिस भी हो रही हो, अचानक धूप की रौशनी धरती पर बिखर जाये। इस रौशनी में धरती की सारी चीजें खूबसूरत लगने लगती है। इस बेला को हल्बी लोक भाषा में "फूलसुंदरी बेरा" अर्थात् फूल सा सुंदर समय कहा जाता है।

उदा0– केबय फूलसुंदरी बेरा तुके दखुक एयेन्दे।

♠ **फोकाहा मिरले माटीतेल बले सुआद ।**

मुफ्त में अगर मिले तो मिट्टीतेल भी मीठा लगता है।

♣ मुफ्तखोरी।

कुछ लोगों को मुफ्त का माल उड़ाने में काफी आनंद आता है। हर वक्त मुफ्त के माल की तलाश होती है। इसलिए कहा जाता है कि फोकट मिलने पर मिट्टीतेल भी पी जाउंगा।

उदा0– 'आजी बीजापुरिया घरो बिहा आय मने ना ? काईं–जाईं चेपटी चो बले हिसाप होउक सके। असन आय? जाले मँय तियार आसें फोकाहा मिरले तो मँय माटीतेल बले पियेन्दे।

♠ **फोकाहा खाउ, दसराहा जाउ ।**

मुफ्त का खाना, दशहरा जाना।

♣ मुफ्त की माल खाने वाला।

उदा0– ए मनुख संगे नी होय, कांई के बले होओ, फोकाहा होतोर आय, सबे दिने फोकाहा खाउ–दसराहा जाउ, आय।

♠ **बड़ी सुख, सुख–टाकरा सुख ।**

बड़ी सूखाते–सूखाते, टोकना का सूख जाना।

♣ लापरवाह होना।

उदा0– काली सारून देस बलतो के बूता के लमाउन दिलो, बड़ी सुख–सुख टाकरा बले सुखली।

♠ **बामन नाता सिका पेंदी ।**

ब्राह्मण का पारिवारिक संबंध सीका के पेंदी के समान।

♣ संबंधों में उलझना ।

कभी–कभी सामाजिक व्यवस्था और विवशता भी कहावत या लोकोक्ति के रूप में सामने आ जाते हैं। जब कभी किसी समुदाय के लोग एक स्थान से दूसरे स्थान में जाकर बस जाते हैं या विस्थापित हो जाते हैं और उनका मूल स्थान से कोई लेना–देना नहीं होता। कालान्तर में उस समुदाय के लोग आपस में रोटी–बेटी का संबंध भी अपने उस समुदाय से स्थापित करने लगते हैं जो कभी उनके साथ ही आकर बस गये थे। ऐसे में उनका पारिवारिक संबंध आपस में और भी घनिष्ठ हो जाता है। ऐसी स्थिति में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का कई मायनों में एक से अधिक पारिवारिक संबंधी होता है। एक व्यक्ति पितृकुल की ओर से चाचा भी होता है तो मातृकुल की ओर से दादा होता है, वहीं अन्य संबंधों के आधार पर भतीजा होता है। इसलिए कहा जाता है कि बामन नाता सिका पेंदी, अर्थात् 'सिका' जिसका 'पेंदी' नहीं होता, उस तरह का होता है।

उदा0– तुमचो लग नाता बले बामन नाता सिका पेंदी असन आय।

♠ **बापा ना पूता चोंगा–चोंगा मूता ।**

डींग हांकना।

♣ घी खाया बाप ने सूंघो मेरा हाथ।

दूसरों की कीर्ति पर डींग मारने वालों पर उक्ति।

उदा0– धन नाहलो मुंडा माहाल बाधेन्दे बलतो बीती गोठ बापा ना पूता, चोंगा–चोंगा मूता बलुक होयसे।

♠ **बाहरे सोभा, भीतरे रोब–रोबा ।**

बाहर शोभायमान, अंदर से बेढंगा।

♣ दिखावापन।

उदा0– रूप–रंग तो अच्छाय आसे मान्तर गोठ–बात ने तो बड़गा मारलो असन। बाहरे सोभा मान्तर भीतरे रोब–रोबा।

♠ **बाप पुरखा न खाये पान, दांत गिजड्डन निकरे परान ।**

पिता, परदादा ने कभी पान नहीं खाया, दांत निपोरा छूटे प्राण।

♣ सामर्थ्य से अधिक दिखावा।

उदा0– बाप –दादा केबय मोटर नी चेगला आजि भुईं के बिकुन मोटर घेनलो से। पाछे बलदे बाप पुरखा न खाये पान, दांत गिजडुन निकरे परान।

♠ **बारा घाट चो पुजारी ।**

बारह घाट का पुजारी।

♣ अधिक व्यस्त होना, समय पर काम पूरा न करना।

उदा0– 'झटके इया मामा बल्ले, बिहाने एतो लोक सांझ होली बारा घाट चो पुजारी होले असने आय।'

♠ **बांजिन काय जाने पेटेहारिन चो दुखा ।**

बांझ औरत प्रसव पीड़ा क्या जाने।

♣ वो क्या जाने पीर पराई, जाके पैर न फटे बेवाई।
पीड़ा को सहकर ही समझा जा सकता है।

उदा0– 'बांजिन के दखा कसन पुरे–पुरे होयसे, हुन काय जाने ता पेटेहारिन चो दुखा।

♠ **बिहान पहार चो उमंडलो झगड़ा,**
आउर सांज बेरा चो मुरियालो बरसा,
झटके गुचु नोहांय ।

सुबह का झगड़ा और शाम की झड़ी जल्दी नहीं हटता।

♣ मुसीबत गले पड़ना।

उदा0– रोजे–रोजे पानी बरसा बले अच्छा नुहाय, आजि फेर सांज बेरा पानी मुराली से, बिहान पहार चो झगड़ा आउर सांज बेरा चो झड़ी झटके गुचु बले नोहांय।

♠ **बिहाने बेड़ा, सांज के गाय,**
लेख नी करले, माटी के खाय ।

सुबह खेती और शाम को अपने पालतू पशुओं को भली–भांति न देखने वाला व्यक्ति बाद में पछताता है।

♣ असंपन्नता।

उदा0– घर चो जमक के दखा–राखा नी करलो ने, पाछे माटी के खावलो

असन होएदे।

♠ **बिन गोसेया चो गाय, रन–भन जाय ।**

बिन मालिक की गाय, इधर–उधर जाय।

♣ आवारापन, नियंत्रण नहीं होना।

बिना स्त्री के पुरूष का कोई ठिकाना नहीं, उसी तरह सही देखभाल के अभाव में संतान बिगड़ जाता है, और बिन मालिक के गाय भी इधर–उधर भटकती रहती है। यहाँ घर गोसेया का अर्थ, घर का मालिक और घर गोसाईन का अर्थ घर की मालकिन से है।

उदा0– घरे सियान मनुख रलो ने तो, बिन गोसेया चो गाय रन–भन जाय।

♠ **बिलई चो टोडरा ने, सुकसी माला ।**

बिल्ली के गले में सूखी मछली की माला।

♣ भक्षक, रक्षक नहीं हो सकता।

उदा0– चोरनी गाय चो पूरे कांदी बाचुन रओ बल्ले होयदे, बिलई चो टोडरा ने सुकसी ओरालो असन होली ?

♠ **बिलई खोजे दांव, माछी खोजे घाव ।**

बिल्ली को मौके की तलाश और मक्खी को घाव की तलाश ।

♣ अवसर की प्रतीक्षा।

उदा0– चोरनी बाछी मवका दखुन फेर तो बाड़ी ने भिड़ली, बिलई के दांव आउर माछी के घाव दखा देओ ।

♠ **बुलुन–बुलुन पाहना, नकटी पिंदे गाहना ।**

घूम–घूम कर मेहमान बनना, नाक कटी हो फिर भी गहना।

♣ दृढ़ इच्छाशक्ति का होना।

उदा0– गाहना रलो लोक के काय, बुलुन–बुलुन पाहना, नकटी पिंदे गाहना।

♠ **बुड़गा बेंदरा खुट ने बसे, आपने पादे, आपने हाँसे ।**

वयस्क बंदर ठूंठ में बैठे, स्वयं कहे स्वयं हंसे।

♣ मति मारा जाना।

उदा0— बयहा होवलो कायनू ! आपने पादुन आपने हांसेसे।

♠ **बोकड़ा चो गेली जीव, खावतो लोक के मंज़ा नाई ।**

बकरे की गई जान, खाने वालों को मजा नहीं आया।

♣ भारी या कठिन काम करने पर भी सराहना न मिलना।

उदा0— सरलो पाछे कमानी के दोस दिलो ने काय होयदे, बोड़ा चो जीव गेली सुआद नी लागली बल्लों ने कसन होयदे ?

♠ **भार बिहा बेरा कुमडा रोपा ।**

विवाह की व्यस्तता में कद्दू के बीज लगाना।

♣ आवश्यकता से अधिक व्यस्त।

उदा0— एब्बे चे फेर फाबली तुके, काली आव एबे नोहांय ता भार बिहा बेरा कुमडा रोपा।

♠ **भिजलो मुंड ने, छुरा चो काय डर ।**

भिगे हुए सिर पर उस्तरे का डर नहीं।

♣ कार्य करने का मन बना लिया फिर, कष्ट सहने को डर कैसा।

उदा0— बरसा होवो कि घाम होवो, बूता के चांडे सारून देतोर आय। भिजलो मुँड ने छुरा के डरतोर नुहाँय।

♠ **मरलो बाछी, बामन चो मुंडे ।**

मरी हुई बछिया, ब्राह्मण के सिर।

♣ व्यर्थ दान।

उदा0— बाछी मरतो बरन दखा देतो के मरतो पूरे बामन के हाक देउन दान देउन दिला। काय पुन मिरेदे हुन मन के ?

♠ **मसागत नाहलो मूसा मास खाउक नी मिरे ।**

मेहनत के बिना चूहे का मांस खाने को नहीं मिलता।

♣ कठिन परिश्रम।

उदा0— काँवड़क तेतर के पाडुन हाटे बिकुन आन, मंडई काजे फटई घेनवाँ, मसागत नी करलो ने मूसा मास काहाँ खाउक मिरेदे।

♠ **मया टूटली कि बूटा फिटली ।**

प्यार टूटते ही संबंधों में अंतर आना।

♣ संबंध टूट जाना।

उदा0– दुय दिन चो संग, मया टूटली कि बूटा फिटली।

♠ **मछरी सुख–सुख, टाकरा सुख ।**

मछली को सुखाते हुए, टोकना भी सुख जाता है।

♣ संगत को दोष।

उदा0 – नीच संग धरलो ने मछरी संगे–संगे टाकरा बले सुखुआय।

♠ **मतवार चो टोंड के कुकर चाटे ।**

शराबी का मुँह कुत्ता चाटे।

♣ शराब खोरी, इज्जत गंवाना।

जब व्यक्ति अत्यधिक शराब का सेवन करने लगता है और गिरने–पड़ने की अवस्था में कभी–कभी सड़क के किनारे गिरा–पड़ा मिलता है। ऐसी अवस्था में देखने को मिलता है कि कुत्ता शराबी का मुँह चाट रहा होता है या उसके उपर पेशाब करके चला जाता है।

उदा0– 'असन बले मतवारी करतोर आय, टोंडे कुकुर मुतुन गेलो, सोर निहाँय।'

♠ **मानले देव नाहले पखना ।**

मानो तो देवता नहीं तो पत्थर।

♣ मानों तो आदर अन्यथा उपेक्षा। सम्मान करने पर सम्मान की अपेक्षा करना।

उदा0– 'दख ना सियान देव के मानसेसा देउक लागेदे, मानले देव आय नाहले चुच्छाय पखना।'

♠ **मांय गुन चो बेटी,**
तेल गुन चो रोटी (बोबो) ।

♣ जैसा फल वैसा गुण। ग्रामीण परिवेश में कहा जाता है कि जिस तरह मां होगी, उसकी बेटी भी वैसी ही होगी। गुणी व्यक्ति का पुत्र गुणी ही

होता है। उसी तरह कड़ाही में, जिस तरह का उत्तम तेल होगा उस तरह पककर पकवान गुणवान और स्वादिष्ट होगा।

उदा0– लंग–लंगा बाढ़ते जायेसे, काचो बेटी आय नूं ? मांय गुन चो बेटी असन आउर तेल गुन चो रोटी।

♠ **मांय चो पेट के जान कि कुम्हार चो आवा के जान ।**

माता के गर्भ को जानो या कुम्हार के आवा को जानों।

♣ संतान सभी एक सी नहीं होती।

उदा0– 'अबगो लेका–लेका बल्लो ने नी होय। कुम्हार चो आवा के जान कि माँय चो पेट के, गोटकी बरन चो भंडवा आवा नी पाके।

♠ **मास खावले मास नी बाड़े ।**

मांस खाने से, मांस नहीं बढ़ता ।

♣ दूसरों को दुख देकर स्वंय सुखी नहीं रह सकते ।

उदा0– आले बुड़ली जाले बुड़ली, मास खावले मास नी बाड़े, जीव बाचली। जीव रलो ने फेर कमाउन खावसे ।

♠ **मुंड चो नाव कपार ।**

सिर का नाम ही कपार या माथा।

♣ अनावश्यक बहस करना। जब कोई अनावश्यक बहस करता है तो कहा जाता है कि मुंड अर्थात् सिर कहो चाहे कपाल अंग तो सिर ही है ।

उदा0– होय ना होय मुंड चो नाव चे कपार आय, बिरबिरा करून, जीव के खादलो।

♠ **मुंडरी कसेला ।**

बिन पेंदे का लोटा।

♣ अस्थिर विचारों वाला, ढुलमुल कोशिशें।

उदा0– ए बले मुंडरी कसेला आय। जोन बाटे खाउक मिरली हुनी बाटे भिड़ुन दिलो।

♠ **राजा बले, दाड़ी हाले ।**

'राजा बोले और दाढ़ी हिले।

♣ हुक्म की तामील।

राजा के हुक्म से एक बूढ़ा आदमी भी सक्रिय हो जाता है। इससे यह जाहिर होता है उन दिनों बूढ़ों को भी नहीं बख्शा जाता था, राजा के आदेश पर कार्य करना होता था।

उदा0– 'राजा बले दाड़ी हाले बल्लो असन हुन बरमसेया चो असन तुय बले करते गेलीस।

♠ रीस खाए आपन के, बुध खाए बीरान के ।

क्रोध शरीर को और बुद्धि समाज को नष्ट करती है।

♣ क्रोध करना।

उदा0– रीस खाए आपन के, बुध खाए बीरान के। जुगे रीस करलो ने देहें चो नास होयेदे। रीस ले लाफी रलो ने देहें चो सुख आय।

♠ लड़ानी गोठ, पेसानी देव ।

लड़ाई कराने वाली बातें।

♣ चुगली करना।

उदा0– डंडिक दखुन नी सहे, दखते खन लड़ानी गोठ के निकराउन देयेसे।

♠ लिखड़ी ने संवसार ।

छोटी–छोटी वस्तु से संसार।

♣ बूंद–बूंद से सागर।

सबसे थोड़ा–थोड़ा मिले तो काम पूरा होता है।

उदा0– गोटोक–गोटोक आना जुहाउन संगाउन रले गुनुक तो आजि लिखड़ी ने संवसार बनाले, कसन ?

♠ लोहरा सार के जान कि, कचहरी के जान ।

अधिक व्यस्तता।

♣ जिस तरह कचहरी में किसी न किसी कार्य से लोगों का आना जाना लगा रहता है, वैसे ही ग्राम्य जीवन में खेतीहर किसानों को बारहों महिने किसी न किसी कृषि–जन्य औजारों की आवश्यकता पड़ती रहती है

और उसे बनाने के लिए लोहार के यहाँ जाना होता है। इसलिए कहा गया है कि 'कचहरी के जान कि लोहरा सार के जान' दोनों ही स्थान में लोगों का आवागमन बना हुआ है।

उदा0– काय झोप, इलो लोक काईं ना काईं बूता धरून अमरते रला, कचहरी के जान कि लोहरा सार के जान ।

♠ **सरग ने थुकलों ने, आपलो टोण्डे उफड्डुआय ।**

आकाश में थूकने से अपने मुंह में ही गिरता है।

♣ निंदा का फल, स्वंय को भोगना पड़ता है।

उदा0– समदी–जोंआय के बाखनलो ने काय होयेदे, एबे सरग उपरे थुकले काचो उपरे उफड़ेदे ?

♠ **सरगी, सिवना, भतरा जीवना, बामन जीवना सुख ने, चिमटा, मुटला हाजुन गेले, लोहरा मरे भुके ।**

साल, सिवना जैसे वनोपज से जिस तरह आदिवासी का जीवन, ब्राम्हण का जीवन सुखमय किन्तु चिमटा और हथौड़ी गुम हो जाने पर लोहार भूखों मर जायेगा क्योंकि ये औजार ही उसके जीवन में साथ हो तो ही कमाकर जीवनयापन कर सकता है।

♣ जीवन के प्रति सर्तक रहना, सतत् कर्म करना।

उदा0– कोड़की रापा के जतन करूंन संगाव, नाहले सरगी, सिवना, भतरा जीवना, बामन जीवना सुख ने, चिमटा, मुटला हाजले, लोहरा मरेदे भुके, असन होयेदे।

♠ **सव सोनार चो गोटोक लोहरा चो ।**

सौ सुनार की एक लुहार की ।

♣ निर्बल की सैकड़ों चोटों से सबल एक ही चोट से मुकाबला कर लेते हैं।

उदा0– रोजे दिना चो टकर पड़ली, आजि एओ ता रोजे दिना सोनार चो पलटा आजि लोहरा चो मार के दखेदे ।

♠ **सहरालो बोहारी, सुसरा के जाए ।**

अधिक प्रशंसा पाने वाली बहु, जेठ को जाये ।

♣ समझदार व्यक्ति के द्वारा बुरा कार्य करना ।
कभी–कभी अधिक प्रशंसा भी घातक सिद्ध होता है ।

उदा0– 'आनलो दिन ले खुबे सहराला, दखते राहा सहरालो बोहारी सुसरा काजे नी गेली जाले बलासे ।'

♠ **सलसला के गोंद, बाकटा के छांड ।**
सीधे वृक्ष को काट, टेढ़े–मेढ़े को छोड़ ।

♣ सीधेपन का फायदा उठाना। सीधे मनुष्य पर सभी अपना प्रभाव जमाते हैं, टेढ़े मनुष्य को छोड़ देते हैं।

उदा0– आमचो घरो पीला आय गुनुक लागला, दूसर घर चो पीला के लागुन दखोत मने।

♠ **संड–संड चो लड़ई ने उसरी बूटा चो मरनी ।**
दो सांडों की लड़ाई में उशिर पौधे का नुकसान ।

♣ बड़ों की लड़ाई में गरीबों का नुकसान।
जोगी–जोगी लड़ पड़े, खप्पड़ का नुकसान। यहाँ उसरी का अर्थ खस के पौधा से है।

उदा0– 'दुय झान चो लड़ई ने सियान होतोर नोहांय, नाहले संड–संड चो लड़ई ने उसरी बूटा चो मरनी होउआय।

♠ **सासा रहोत ले आसा।**
जब तक साँस रहेगी, तब तक आशा।

♣ अंतिम साँस तक प्रयास करना।

उदा0– 'जीव रहोत ले मया करेन्दे, मँय सासा रहोत ले आसा करतो लोक आंय।

♠ **सावन घोड़ी, भादंव गाय,**
मांघ महेना, भईंस पकाए ।
श्रावण मास में घोड़ी, भादों मास में गाय और माघ के महिने में भैंसी का प्रसव अच्छा नहीं माना जाता।

♣ समय के विपरीत कार्य करने से हानि का भय बना रहता है।

उदा0– मंय तो आघे सांगुन रले, भांदो महेना चो गाय पकातो बीती अच्छा नुहांय बलुन।

♠ **सोन चो दोस होले सोनार के दोस देतोर नुहाँय ।**

जब अपने ही सामान में खोट हो तो दूसरों पर आरोप नहीं मढ़ना चाहिए।

♣ आरोप मढ़ना, दोष देना।

उदा0– 'काय करवाँ आमचो बेटा पिला मन संगे रहुन मतवारी सिकलो, एबे अडरा चाल काजे काके दोस देवां, आपन चो सोन ने खोट होले, दूसर के काय दोस देवां।

♠ **हरदी चो रंग आउर परदेसी चो संग ।**

हल्दी का रंग और बाहरी व्यक्ति का साथ नुकसानदेय होता है।

♣ थोड़ा साथ, प्रभावहीन ।

उदा0– गाँव पारा चो पीला संगे मिसलो ने होती, बाहरेया मन चो संग करले अच्छा नुहांय।

♠ **हाती हिंगसा बिलई करे, दाँत गिजडुन मरे ।**

हाथी की बराबरी बिल्ली करे और दाँत निपोर कर मरे।

♣ देखा–देखी, बराबरी करना।

उदा0– दखा दखी मुंडा माहाल बादेन्दे बल्लो ने नी होय, हाती हिंगसा करले दाँत गिजडुन मरसे।

♠ **हाट जा पटन जा, टाकरा–टाकरा मार खा ।**

हाट–बाजार जाकर, मार खाना।

♣ अनावश्यक विवाद में उलझना।

उदा0 – सोजे हिंडुन घरे एतो पलटा टाकरा–टाकरा मार खावतोर मन होली कायनूं।


मुहावरे
''ठेचा–रेचा,
ठसा''

मुहावरा
(ठेचा–रेचा, ठसा)

अर्थ विशेष को प्रकट करने वाले वाक्याशं को मुहावरा कहते हैं। मुहावरा पूर्ण वाक्य नहीं होता, इसलिए इसे स्वतंत्र रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता। मुहावरे का प्रयोग करना और ठीक–ठीक अर्थ समझना बड़ा कठिन है, यह अभ्यास से ही सीखा जा सकता है।

मोटे तौर पर कह सकते हैं कि जिस सुगठित शब्द समूह से लक्षणाजन्य और कभी–कभी व्यंजनाजन्य कुछ विशिष्ट अर्थ निकलता है, उसे **'मुहावरा'** कहते हैं। हल्बी में इसे ही **'ठसा'** या **'ठेचा–रेचा'** कहते हैं। मुहावरे किसी न किसी व्यक्ति के अनुभव पर आधारित होते हैं, उनमें इस्तेमाल शब्दों के स्थान पर दूसरे शब्दों का प्रयोग किया जाय तो उनका अर्थ ही बदल जाता है।

मुहावरा अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है बातचीत करना या उत्तर देना। मुहावरा किसी वाक्य का अंग होता है अर्थात् किसी कथन, वक्तव्य या किसी वाक्य को पूर्ण बनाता या उसमें चार चांद लगाता है। दूसरी पहचान यह कि मुहावरा लक्षणा प्रधान होता है।

कोई भी वाक्याशं जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करे, उसे मुहावरा कहते हैं। लोकोक्ति लोक अनुभव से बनती है। किसी समाज ने जो कुछ अपने लंबे अनुभव से सीखा है, उसे एक वाक्य में बाँध दिया है। ऐसे वाक्यों को लोकोक्ति कहते हैं। मुहावरे और लोकोक्ति में अंतर सिर्फ इतना है कि मुहावरा वाक्याशं है और इसका स्वतंत्र रूप से प्रयोग नहीं किया जा सकता। लोकोक्ति संपूर्ण वाक्य है और इसका प्रयोग स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है।

मुहावरा वाक्यांश होता है, हल्बी लोक भाषा के अनुसार वाक्याशं के अंत में होतोर, जातोर, देतोर, करतोर, पड़तोर, धरतोर, मंडातोर आदि–आदि

संज्ञार्थक क्रियाएँ होती हैं, वाक्यों में प्रयोग करते समय इन क्रियाओं का लिंग, वचन, काल, कारक आदि के अनुसार रूप बदल जाता है।

♠ **अंडखी फुटातोर ।**

अँगुलियाँ फोड़ना।

♣ श्राप देना।

उदा0– आमचो पारा चो झगड़हीन बायले अँडखी फुटाउन–फुटाउन सरापते रली।

♠ **अंडखी दखातोर ।**

अँगुली दिखाना, इशारा करना।

उदा0– लाफी ठिया रहुन अंडखी दखायेसे।

♠ **अंडखा चुहरतोर ।**

अँगूठा चूसना।

♣ खुशामद करना।

उदा0– दुय खंडी धान चो पलटा देउ आस जाले देस नाहले तुचो अँडखा नी चुहरें।

♠ **अंधान मंडाउन चाउर डगर जातोर ।**

चाँवल पकाने के लिए पानी चढ़ा कर चाँवल के लिए जाना।

♣ निर्धनता।

उदा0– मुंडा माहाल बांदतो काजे पयसा काहाँ ले पाउंदे, एथा रोजे अंधान चेगाउन चाउर डगर जाउंसे।

♠ **अंडखी ने नचातोर ।**

अँगुली के इशारे पर नचाना।

♣ वश में करना, इच्छानुसार काम कराना।

उदा0– बड़े बाप चो बेटी आय, घर गोसेया के अंडखी ने नचायेदे।

♠ **अंडखा दखातोर ।**

अँगूठा दिखाना।

♣ मुकरना, देने से साफ इंकार करना।

उदा0– कालि बल्लो गभार के बिकेन्दे बलुन आजि फेर अंडखा दखालो।

♠ आड़की चाबुन नेतोर ।

तिरछा दबाकर ले जाना।

♣ उपकार करना।

उदा0– मरले गाँव चो लोक नेउन पकाउन देदे, तुचो नी रले कोनी आड़की चाबुन नी नेदे ? गुलाय गाँव चो लोक मके जानोत।

♠ आका–बाका दखतोर ।

इधर–उधर देखना।

♣ घबरा जाना।

उदा0– हाते धरा पड़तो के आका–बाका दखुक मुरालो।

♠ आपलो पांय ने ठिया होतोर ।

अपने पैरों में खड़ा होना।

♣ स्वावलंबी होना।

उदा0– खिंडिक आदक पडुन रले तो आपन गोड़े ठिया होवतो ?

♠ आंठ गनुन, नंव सांगतोर ।

आठ गिनकर नौ बताना ।

♣ बढ़ा–चढ़ा कर बताना ।

उदा0– कित खंडी होली बलतोके, आंठ गनलो पाछे नंव सांगलो । एकय तो बलुआत आंठ गनुन नंव सांगतोर ।

♠ आंटा ने लुकातोर ।

अंटी में छिपाना।

♣ छिपाकर रखना।

उदा0– आंटा ने लुकान रले होउ आय, घर चो लोक के बले तो सांगतोर रली।

♠ **आईग ने पानी रिकातोर ।**

आग में पानी डालना।

♣ उत्तेजित व्यक्ति को शान्त करना।

उदा0– हुनचो रीस के दखले, डंडिक रहुन आईग ने पानी रिकातो के सीतरली।

♠ **आईग ने मुततोर ।**

आग में पेशाब करना।

♣ ऐसा दुस्साहस पूर्ण आचरण करना जिसका परिणाम स्वंय के लिए भयावह हो। शरारत करना, उदण्ड होना।

उदा0– चावड़ी ने नेउन दुड़दुड़ा पेटला, जुगे आईग ने मुतले असने पेटुन जहेल पठान देउआत।

काचो घरो लेका आय जाले, जुगे आईग ने मूतेसे ।

♠ **आईग धरतोर ।**

आग लगना।

♣ मंहगाई बढ़ना। कुछ समय किसी वस्तु का दाम अत्यधिक बढ़ने से दुष्प्राय अथवा दुर्लभ होना।

उदा0– आमचो सरकार मांहाग घटेदे बलुन पांच बरख ले बलेसे, दखु–दखु जमाय बानी आईग धरली।

♠ **आजि–काली करतोर ।**

आज–कल करना।

♣ झूठा वादा करना, टालना।

उदा0– आजि–कालि बलते–बलते दुय बरख होली।

♠ **आँईख दखातोर ।**

आँख दिखाना।

♣ गुस्से में देखना।

उदा0– जोन आमके आईंख दखायेदे, हुनचों आईंख के फुटाउन देउन्दे।

♠ **आँईख फुटतोर ।**

आँख फूटना।

♣ दिखाई न देना, परिलक्षित न होना। यहाँ आँख से दिखाई देने के बावजूद अनदेखा करते हुए भी जानबूझ कर कृत्य करना अर्थात् देखते हुए भी अनदेखा करने का आशय है।

उदा0– दखुन हिंडुक नी होय, तुचो आँईख फुटली से कायनूं ।

♠ **आँईख लुकातोर ।**

आँख छिपाना।

♣ छुपना।

उदा0– आजिकाली हुन मोचो ले आईंख लुकाउन हिंडेसे।

♠ **आँईख मारतोर ।**

आँख मारना।

♣ इशारा करना।

उदा0– बाड़ी पाटकुती ले आईंख मारून जाते गेली।

♠ **आँईख उठातोर ।**

आँख उठाना।

♣ देखने का साहस करना।

उदा0– अदांय हुन मोचो पूरे केबय आईंख उठाउक नी सके।

♠ **आँईख उघाड़तोर ।**

आँख खोलना।

♣ होश आना।

उदा0– जिदलदांय जमाय पयसा के कुकड़ा गाली ने हारलो तेबे हुनचो आईंख उघड़ली।

♠ **आँईख ने धुरला पकातोर ।**

आँख में धूल झोंकना।

♣ धोखा देना।

उदा0– काली एयेन्दे बलुन हेंवय गेलो, गोसेया आईंख ने धुरला पकालो।

♠ **आँईंख ने जाला पड़तोर ।**

आँख में परदा पड़ना।

♣ लालच के कारण सच्चाई न दिखना।

उदा0– दूसर के ठगतो लोक, हुनमन नी जानोत कि हुनचों आईंख ने जाला पड़लीसे, कोनी दिने हुन बले भुगतेदे।

♠ **आँईंख नी सहतोर ।**

आँखों न सहना।

♣ अप्रिय व्यक्ति।

उदा0– लहलट मतवारी धंदा चो लागुन बाप चो आईंख नी सहे।

♠ **आँईंख लिमटतोर ।**

आँख मूंदना।

♣ आँखें बंद होना, मृत्यु हो जाना।

उदा0– काली बले सुरता करलू ता, बोपड़ा बसलो लगे आईंख लिमटलो।

♠ **आँईंख लागतोर ।**

आँख लगना।

♣ नींद आना

उदा0– सुगसुगा बसलो लगे आईंख लागली।

♠ **ओछना चो पानी के मंगरी ने चेगातोर ।**

अयोग्य व्यक्ति को उँचा पद मिलना।

♣ उल्टी गँगा का बहना, नियम विरूद्ध कार्य।

उदा0– उल्टा गोठेयाले नी होय आजा, आमचो पंचायत चो बनालो नियम आय, ओछना चो पानी के मंगरी ने चेगाले नी होय।

♠ **ओरई होवतोर ।**

टंग जाना।

♣ लाड़ जताना, गले में झूलना।
उदा0– गोटोक बूता के कर बल्लो ने नी सुने, ओरई होउन बुलेसे।

♠ **उल्टा पाठ पड़ातोर ।**
उल्टी पाठ पढ़ाना।
♣ उल्टी–सीधी बातें समझाकर किसी को बहका देना।
उदा0– सोज बाट के धर बल्लो ने उल्टा पाठ पढायेसे मके ।

♠ **करजा फाटतोर ।**
कलेजा फटना।
♣ दुर्व्यवहार, दुर्व्यवचन, दुर्घटना आदि के कारण अत्यन्त दुखी होना।
उदा0– बोडू चो मरनी खबर सुनुन मोचो करजा फाटली।

♠ **कन्हेया सलकातोर ।**
कमर सीधी करना।
♣ सबक सिखाना।
उदा0– रोजे बुलतो टकर पड़ली, कनेया सलकाउक लागेदे।

♠ **करजा धक करतोर ।**
कलेजा धक करना।
♣ डर जाना।
उदा0– खबर सुनते मोचो करजा धक करली।

♠ **करजा पोड़तोर ।**
कलेजा जलना।
♣ तीव्र असंतोष होना।
उदा0– हुनचो गोठ के सुनुन मोचो करजा धुमधुमा पोड़ली।

♠ **करजा उपरे पखना मंडातोर ।**
कलेजे के उपर पत्थर रखना।
♣ दुख में धीरज रखना।

उदा0– गोसेया मरतो के हुन बोपड़ी बेचारी काय करेदे, हुन तो आपलो करजा उपरे पखना मंडाउन बसली से ।

♠ **करम फूटतोर ।**

करम फूटना।

♣ अभागा होना, भाग्य बिगड़ना।

उदा0– भाग ने रलो ने बेटा–बेटी चो सुख आय, नाहले करम फुटले काहाँ ले पायेदे।

♠ **कहनी सांगतोर ।**

कहानी बताना।

♣ दुखड़ा रोना।

उदा0– झपके उसकते मान्तर, हुनचो कहनी सांगतोर सरलो ने तो ।

♠ **कहनी सरतोर ।**

कहानी समाप्त होना।

♣ मृत्यु हो जाना।

उदा0– गुलाय राज चो लागा खाउन–खाउन बुलेसे, कहनी सरलो पाछे पयसा बोहड़ायेदे?

♠ **कन्हेया बसतोर।**

कमर टूटना अथवा बैठ जाना। बेदम, बलहीन।

♣ पूर्व की तरह शक्ति, बल, साहस का न रह जाना।

उदा0– 'चार बरख होली बयला जोड़ी आनलोर, अदांय कन्हेया टूटली।

♠ **काचा खाउन, काचा उगलतोर ।**

कच्चा खाकर कच्चा उगलना।

♣ उच्चारण करना।

कच्चा खाकर, कच्चा उगलना। चूंकि उगली हुई कोई भी वस्तु जिस तरह घृणा के योग्य होती है, उसी प्रकार अपशब्दों का उच्चारण करना या गाली देना भी घृणा को जन्म देती है। इसलिए जो व्यक्ति ऐसा आचरण करता है

उसके लिए यह मुहावरा का प्रयोग करते हैं।

उदा0– 'ए मनुख बले अटपट काचा खाउन काचा उगलते रलो।'
अर्थात् अपशब्दों का प्रयोग करते हुए एक सभ्य मानव के लिए वर्जित कार्य करता है।

♠ **कावरा कोल्हार करतोर ।**

काक कोलाहल।

♣ शोरगुल, हल्ला मचाना।

उदा0– कोनी लोक इलो बेरा, डंडिक ओगाय रलो ने काय होती, कावरा कोल्हार उलटाला से।

♠ **काना होतोर ।**

अँधा बनना।

♣ लापरवाह होना, किसी बात पर ध्यान न देना।

उदा0– दखुन बले सिरजी लात मारेसे, काना होलीस कायनूं ?

♠ **काना चो हाते लावा धरा पड़तोर ।**

अँधे के हाथ बटेर लग जाना।

♣ बिना प्रयास के सफल होना, अयोग्य व्यक्ति को कोई अच्छी वस्तु मिल जाना।

उदा0– कुली भुती करतो लोक आय, काना चो हाते लावा धरा पड़ली कायनूं।

♠ **कान चो काचा होवतोर ।**

कान का कच्चा होना।

♣ त्वरित विश्वास करना।

उदा0– सावकार चो बल्लो गोठ के तुरते मानुन करतो बीती बले अडरा आय, जुगे कान चो काचा होवतोर नोहांय।

♠ **काना चो बाग दखतोर ।**

अंधे का बाघ देखना।

♣ मिथ्या बातों पर बल देना।

उदा0– नी दखलो बीती के बले दखले बलतोर, काना चो बाग दखलो असन तो आय।

♠ कान धरतोर ।

कान पकड़ना।

♣ गल्ती मानना या स्वीकार करना।

उदा0– भलई करतो पलटा लटा धराउन बदी करला, अदांय कान धरले।

♠ कान कतरतोर ।

कान कुतरना।

♣ बहुत चतुर होना।

उदा0– पाकलू चो बेटा पिला बेरा ले चे बड़े–बड़े चो कान के काटेसे।

♠ काने मंतर पाड़तोर ।

कान में मंत्र देना।

♣ प्रेरित करना, उकसाना।

उदा0 – काय मंतर पाड़लो जाले दुनों गुरू–चेला खुस्सनाय निकरला।

♠ काने खबर नी होवतोर ।

कानों कान खबर नहीं होना।

♣ किसी को पता नहीं चलना।

उदा0– गाड़लो हांडा के खुस्सनाय हिटाउन आना, काकय कानों कान खबर नी होओ।

♠ काने कीड़ा पड़तोर ।

कान में कीड़ा पड़ना।

♣ जानबूझ कर नहीं सुनना, अनसुना करना।

उदा0– सुनुन बले नी सुनलो असन होयेसे, काने कीड़ा पड़लीसे कायनूं।

♠ काटलो अँडखी ने नी मुततोर ।

कटी हुई अंगुली पर पेशाब न करना।

♣ वक्त पर काम न आना।

उदा0– गोटोक बूता के करून देस बलतो के टिर्र करेसे, ए फेर काटलो अँडखी ने मुतेदे ?

♠ काना के उजर दखातोर ।

अंधे को चिराग दिखाना।

♣ मूर्ख को उपदेश देना।

उदा0– अबूज लोक आय, हुनके कितरो समजाले बले काना लोक के दिया दखालो असन आय।

♠ कानी चो कवड़ी गनतोर ।

अंधी स्त्री का कौड़ी गिनना।

♣ अल्प ज्ञान के बावजूद, ज्ञानी बनना।

उदा0– कानी कवड़ी गनेसे, खिडींक आदक पढ़ुन रले काय करती जाले।

♠ काड़ी करतोर ।

अंगुली करना।

♣ बनते कार्य में विघ्न उत्पन्न करना।

उदा0– गोरसी लगे ओगाय बसुन खावतो बेरा, काड़ी करतोर अच्छा आय। मुंडे बरखाव गोटोक बड़गा।

♠ किटका टुटातोर ।

तिनका तोड़ना।

♣ शपथ लेना।

उदा0– आजि ले किटका टुटाले, सांज बेरा भाटी सार चो बाट के नी धरें।

♠ कीड़ा चाबतोर ।

कीड़ा काटना।

♣ बैचेनी होना, जी उकताना।

उदा0– गोटोक लगे बसुन रा बल्ले नी सुने, कीड़ा चाबेसे काय ?

♠ **कुकुर चाबतोर ।**

कुत्ते का काटना।

♣ पागल होना।

उदा0 – तुके कुकुर चाबलीसे काय ? मके लटा धरायेसे।'

♠ **केरा पाना असन हालतोर ।**

केले के पत्ते जैसा हिलना या थरथराना।

♣ डरकर काँपना।

उदा0– हिरी उपरे हिंडतो बेरा काय आय जाले चाबलो असन लागतो के, केरा पाना असन हालुन जाए।

♠ **कोरा ने बसालो ने आईंख के कोचकतोर।**

गोद में बिठाया तो आँख में अंगुली।

♣ भलाई के बदले बुराई करना।

उदा0– रतो काजे ठान दिले, एबे मोचो आईंख ने बाट कोचकेसे।

♠ **खटेया धरतोर ।**

खाट से लग जाना।

♣ अधिक दुर्बल होना।

उदा0– पटेल सियान बले निरने खटेया ने लटकलो, जुगे दिने नी जिए माहा लागेसे।

♠ **खाले दखातोर।**

नीचा दिखना।

♣ अहंकार करना।

उदा0– आजि बोहडुन एओ ता, खाले नी दखाले जाले बलसे ?

♠ **खावतो बेरा मसकू, बूता बेरा खसकू।**

खाते वक्त जमकर खाना, काम के वक्त खसकना ।

♣ कामचोर, खाने में आगे, काम में पीछे ।

उदा0– झपके करले अच्छा होती, नाहले बलदे खावतो बेरा मसकू आउर

बूता बेरा खसकू ।

♠ **खूँटा ने दामा धरातोर ।**

खूँटे से बाँधना।

♣ किसी के साथ विवाह करना। बंधन में बाँधना।

उदा0– गुलाय रात खेलतो बाटे जायेसे, एके बले दामा ने धरालो ने होती।

♠ **खोसली छंडातोर ।**

केंचुली उतारना।

♣ पुराना भेस छोड़कर नया भेस धारण करना।

उदा0– चुच्छाय खोसली छंडाले काय होयेदे काकी, गुन बले होतोर आय।

♠ **खोजरी धरतोर ।**

खुजली होना।

♣ शौक जताना।

उदा0– पूरे–पूरे हायेसे, खोजरी धरली से कायनूं।

♠ **खोजरी छांडतोर ।**

खुजली छुटना ।

♣ शौक पूरा होना।

उदा0– गुलाय राज बुललो अबर खोजरी छांडली।

♠ **खोजरी छंडातोर ।**

खुजली छुड़ाना ।

♣ शौक छुड़ाना।

उदा0– बाहरे बुलुन खावतो टकर पड़ली से, एओ ता हुनचो खोजरी छंडायेन्दे।

♠ **खोर–खोर बुलतोर ।**

गली–गली घूमना।

♣ व्यर्थ घूमना या जीविका के लिए भटकना।

उदा0– काहाँय कमानी ना धमानी, खोर–खोर नी बुलेदे जाले काय करेदे ?

♠ **गनुन डाहँका मंडातोर ।**

गिनकर कदम रखना

सावधानी बरतना अथवा बहुत सावधानी से आगे बढ़ना।

उदा0– अदांय चतुर होवलो, गनुन डाहँका मंडायेसे।

♠ **गठ पाड़तोर ।**

गाँठ बाँधना।

♣ याद रखना।

उदा0– हारक भुलकुन रले, अदांय गठ पाड़ले।

♠ **गंगा नहातोर ।**

गंगा नहाना। कठिन कार्य पूरा करना।

♣ कर्तब्य या दायित्व पूरा करके निश्चिंत होना।

उदा0– बेटा–बेटी चो बिहाव करून दिलीस, अबर अस्तिर ने गंगा नहाव बे।

♠ **गाड़ा चेगुन खोटला बोवतोर ।**

गाड़ी में बैठकर बोझा उठाना। गाड़ी में चड़कर वजन कंधे पर रखना।

♣ मति मारा जाना। अक्ल का मारा जाना।

उदा0– तुय बले ना जोन बूता के नी कर बलले हुनके सिरजुन करसीस, गाड़ा ने बसुन खोटला बोवतोर तुके टकर पड़लीसे।
खिडींक बले बुद निहांय, गाड़ी चेगुन खोटला बोहलोसे।

♠ **गाय मारतोर ।**

गाय मारना।

♣ हत्या करना, बड़ा अपराध करना।

बस्तर के जनजीवन में गाय मारना तथा मनुष्य की हत्या करना बड़ा अपराध माना जाता है। बस्तर के आदिवासी समाज में इस तरह का कृत्य करने वाले व्यक्ति को कठिन से कठिन दण्ड दिए जाने का

प्रावधान है। कुछ मामलों में न्यायालय के द्वारा दिए गए अपराध के बावजूद सामाजिक दण्ड भी दिया जाता है। संबंधित व्यक्ति को समाज से भी निष्कासित किया जाता है। वह अदालत की सजा भोगने के बाद भी समाज द्वारा दण्डित सजा भुगतने के बाद ही समाज में शामिल किया जाता है, इसके पूर्व समाज को भोज भी देना पड़ता है।

उदा0– बेड़ा के बिकुन घर बांदलो, काय गाय मारलो गुनुक

♠ **गार पाड़तोर ।**

अंडे सेना।

♣ घर में बेकार बैठना।

उदा0– जमाय घर चो मांई–पिला भुति गेला, तुय बसुन ए लगे काय गार पाड़सिस ?

♠ **गुर ने माछी झुमतोर ।**

गुड़ में मक्खी बैठना।

♣ जहाँ गुड़ होगी मक्खियाँ भी आएंगी।
यदि पास में धन होगा तो सभी पास आयेगें।

उदा0 – 'दुय दिन, लगे पयसा रली गुनुक हुनचो लगे माछी असन झुमला।'

♠ **गोठ लड़ातोर ।**

एक की दो कहना।

♣ थोड़ी बात के लिए बहुत अधिक भला–बुरा कहना।

उदा0– नानी–सुनी गोठ काजे बले टोंड लड़ातोर अच्छा गुन नोहांय।

♠ **गोहड़ी बेरा होतोर ।**

गायों का संध्या के समय आने का समय होना।

♣ गोधुलि बेला होना।
बस्तर के जनजीवन में समय के लिए उपयोग होने वाले मानक शब्दों में से एक ' गाय गोहड़ी बेरा' । यहाँ आज भी समय के लिए पेज बेरा, बिहान पाहार, सांज बेरा, अदगर राति, कुकड़ा बासे, पनिहारिन बेरा आदि जैसे पारम्परिक शब्दों का चलन है।

उदा0– गाय गोहड़ी बेरा होली, घर गोसेया के सोर निहांय।

♠ **गोड़ चो धुरला होतोर ।**

चरणों की धूल।

♣ किसी की तुलना में अत्यन्त नगण्य होना।

उदा0– बुलाखाया अबगो बाड़ली, आजि कालि माँय–बाप चो सेवा कोन करेसे गुनुक, गोड़ चो धुरला होवतोर जानले तो ?

♠ **गोड़ धोउन खावतोर ।**

पैर धोकर पीना ।

♣ अत्यधिक सम्मान करना ।

उदा0– गोड़ धोउन खावलो ने काय नसली, गुरूबाबा के सदा मान देतोर आय ।

♠ **गोटोक के खांदगोड़ी, दूसर के ओड़गोड़तोर ।**

भेदभाव करना।

♣ एक से प्यार करना और दूसरे से नफरत।

उदा0– बेटा–बेटी एक समान आत ना, गोटोक के खांदगोड़ी आउर दूसर के ओड़गोड़ले नी होय।

♠ **गोटोक–गोटोक दिन गनतोर ।**

एक–एक दिन गिनना।

♣ समय बीतता न जान पड़ना। पहाड़ की तरह अधिक विस्तार वाला जान पड़ना।

उदा0– 'घर गोसेया चो बाट दखते गोटोक–गोटोक दिन गनेसें।'

♠ **घर ले बाहिर पांय मंडातोर ।**

घर से बाहर पांव रखना।

♣ अपनी सीमा या मर्यादा का उल्लघंन करना।

उदा0– ओगाय घरे बसुन खाउन–पिउन रा, घर ले बाहिर पाँय मंडालीस जाले नंगत नी होय।

♠ **घर बुड़ातोर ।**

घर डूबोना।

♣ पारिवारिक संबंध बिखरना अथवा संपत्ति नष्ट या डूबना।

उदा0– गुलाय राज बुलुन–बुलुन खावते–पिवते सुख ने रला, मान्तर काय काल धरली कि जमांय घर बुड़ली।

♠ **घर होवतोर ।**

घर बसाना।

♣ विवाह करना, अथवा किसी के साथ घर बसाना।

उदा0– मन करलो लेका के बरख भर टाकली, मान्तर घर होवतोर जान नी पड़ली।

♠ **घर–दुआर दखतोर ।**

घर–आँगन देखना।

♣ गृहस्थी संभालना और उसकी रक्षा करना।

उदा0– तुचो मांय–बाप देवलोक होला, घर चो बड़े बल्ले तुय आस, अबर तुके घर–दुआर दखुक लागेदे।

♠ **घरे बसतोर ।**

घर में बैठना।

♣ कन्या का विवाह न होने की स्थिति में अथवा ससुराल से विपरीत परिस्थितियों के कारण त्याग कर पिता के घर रहना।

उदा0– देहें–पांय नंगत रहोत ले आपलो लगे संगालो, पाछे मांय–बाप घरे आनुन बसाउन दिलो।

♠ **घर के डसाउन, गाँव के उजर करतोर ।**

♣ घर जलाकर गाँव को उजाला करना।

उदा0– सकत रलो इतरो जाहला करलो बोपड़ा बेचारा, घर के डसाउन गाँव के उजर कसन करेदे।

♠ **घाट उतरतोर ।**

घाट उतरना।

♣ किसी की मृत्यु हो जाने पर नदी अथवा तालाब के घाट पर उतरकर स्नान करना।

उदा0– काली तीसर दिन होयदे बुबु, दिनक घाट उतरूक लागेदे, नाहले लोक काय बलदे ?

♠ घाट–घाट चो पानी पिवतोर ।

घाट–घाट का पानी पीना।

♣ व्यापक अनुभव, अनेक स्थलों का अनुभव प्राप्त करना।

उदा0– बीजापुरिया चो नाती लेका भारी चलाक उलटलो, गुलाय राज के बुलेसे। काचो नाती आय नूं, घाट–घाट चो पानी के खावलो से।

♠ चरचरा अमरातोर ।

खरी–खोटी सुनाना।

♣ सच्ची बात कहना, भले ही किसी को बुरा लगे।

उदा0– आजि सांज बेरा घरे एओ ता चरचरा अमरायेन्दे ।

♠ चाउर पुरतोर ।

चाँवल समाप्त हो जाना।

♣ मृत्यु के निकट आना।

उदा0– जीवना रहोत ले सकत भर कमालो आउर आपलो पिला–झीला के पोसलो, चाउर पुरतो के डसना ले लटकलो।

♠ चामड़ी छोलतोर ।

चमड़ी उधेड़ना।

♣ सबक सिखाना, बेंत, कोड़े आदि से इतना अधिक मारना कि शरीर की त्वचा उधड़कर खून रिसने लगे।

उदा0– घरे रा बलतो के खोर–खोर बुलेसे, आजि घेरे ओलो ता चामड़ा के छोलेन्दे।

♠ चारी करतोर ।

चुग़ल करना।

♣ पीठ पीछे निन्दा करना ।

उदा0– एचो, हुनचो लगे चारी करतोर निको गोठ नोहांय।

♠ चिंव नी करतोर ।

चूं न करना ।

♣ चुपचाप रहना।

सताए या विवश किए जाने पर कुछ भी आपत्ति या विरोध प्रकट न करना।

उदा0– हाते बड़गी धरून मास्टर के एतो के दखुन स्कूल चो पिला मन कोनी चिंव नी करला।

♠ चिपड़ाहा के आईंख एतोर ।

मैले आंखों वाले व्यक्ति को आंख आना ।

♣ अपयश का दोष भाग्य पर डालना ।

उदा0– कुली भुति करून कमाउन खावते रहे, उपर बीता बले चिपड़ाहा के आईंख एतोर के नी दखेसे तेबे ?

♠ चीखल ने लुटबुटातोर ।

कीचड़ में लुट–बुटाना, कीचड़मय होना ।

♣ आफत में पड़ना ।

उदा0– भार बरसा बेरा छानी घसरतोर जे, चीखल ने लुटबुटालो असन होली।

♠ चुआ ने बिलई पकातोर ।

खोज करना।

♣ तलाश करना। कुएँ में बिलई (लोहे से बना मोटे तारों का गुच्छा जिससे पानी के अंदर पड़ी हुई वस्तु की खोज की जाती है।) फेंकना।

उदा0– गुलाय बिलई पकाउन डगराउन थाकलू, रले तो मिरेदे।

♠ चुच्छाए हात होतोर ।

खाली हाथ होना।

♣ रूपया पैसा का न होना।

उदा0– चुच्छाय हात होवलो लागुन हाट नी गेले काकी।

♠ चुला के जर धरतोर ।

पकाने के लिए अनाज न होना।

♣ दरिद्रता की निशानी।

उदा0– 'काय साग आय दीदी। काईं साग नुहाँय री आजि चुला के जर धरली से।'

♠ चुंदी मुंडातोर ।

हजामत बनाना ।

♣ ठगना।

उदा0– संगे बसुन मातला आउर चुंदी के मुंडाउन जाते गेलो।

♠ चेटा दखातोर ।

अँगूठा दिखाना।

♣ याचक को कोई वस्तु न देना, निराश करना।

उदा0– रोजे दिना गुर आउर चिवड़ा मांगुन–मांगुन खाए, टकर पड़लीसे । आजि बले गुड़िया खाजा हाते दखुन मांगलो, चेटा के दखान दिले।

♠ चोर के चोराउन, सावकार के चेतातोर ।

चोर से चोरी करवाना और साहूकार को जगाना ।

♣ अपने लाभ के लिए दो पक्षों को लड़ाने वाला ।

उदा0– आनलो पयसा के दूसरे चो हाते धराउन दिलो, एबाटे चोर के चोराउन दिलो आउर हुन बाटे साहू के चेताउन बले दिलो ।

♠ छड़बड़तोर ।

क्रोधित होना ।

♣ गुस्से से आग बबूला होना।

उदा0– मंद काजे पयसा मांगतो के काय छड़बड़ेसे।

♠ **छाती ओसार करतोर।**

छाती चौड़ी करना।

♣ गर्व करना ।

उदा0– आजी मोचो बेटा मोचो नाव के संगालो, मोचो छाती ओसार होली।

♠ **छाती ने पखना मंडातोर ।**

छाती में पत्थर रखना।

♣ अपने हृदय को कड़ा करना ताकि किसी दुख का प्रभाव न पड़े।

♠ **छाती ने चेगतोर ।**

छाती में चढ़ना।

♣ सामने आकर कष्ट देना या बलात् वसूल करने के लिए आ पहुँचना।

जैसेः– 'मोचो मनुख के मोहनी लगाउन सउत बनली, एबे मोचो छाती ने चेगतो उवाट करेसे।'

♠ **छांय के दखुन डगातोर ।**

छांव को देखकर कूदना।

♣ दूरी बनाना, पृथक करना।

उदा0– अबगो छांय के दखुन डगाले नी होय, हुनचो चेर ने जाउन दखुक लागेदे।

♠ **छिना घर चाबतोर ।**

सुना घर काटने को दौड़ता है।

♣ अकेलापन अखरना।

उदा0– पिला–झीला नी रले छिना घर बले चाबुआय।

♠ **छू–गदबद होतोर ।**

उड़न छू होना।

♣ गायब हो जाना, चले जाना।

उदा0– डंडिक घर चो बूता करूक लागसे, बलतोके छू गदबद ।

♠ **जमपुर अमरातोर ।**

यमलोक पहुँचाना।

♣ मार डालना, प्राण ले लेना।

उदा0– 'ए बिलई गुलाय घर के तसेयानास करेसे, हारक भेटले जाले जमपुर अमरान देयेन्दे।'

♠ **जाल तुनतोर ।**

जाल बुनना।

♣ उधेड़बुन में लगे रहना, गहरी सोच में पड़ना।

उदा0– बसुन काय करते ता, तेतर गछ के दखुन–दखुन जाल तुनते रयें।

♠ **जात नेतोर, धरतोर ।**

जाति लेना।

♣ अपमानित करना।

उदा0– आमचो धन के खाउन बड़े बाड़लो, एबे आमचो जात के नेयेदे मने।

♠ **जीव मांडतोर ।**

जी लगना ।

♣ संतुष्ट होना ।

उदा0– दुय दिन दखा नी दिलो ने जीव नी मांडते रए, अच्छाय होली तुय इलीस जीव मांडेदे ।

♠ **जीव नी मांडतोर ।**

जी का न लगना, रहा ना जाना ।

♣ किसी काम, चीज, बात आदि के लिए अपने को ना रोक पाना।

उदा0– 'दखलो दांयले, नी खादलोर जीव नी मांडेदे।'

♠ **जीव उखरातोर ।**

स्मरण करना ।

♣ किसी के याद में खिन्नमन होना ।

उदा0– मयनामती के गेलो हपता दखुन रले, आजि हुनके दखतो काजे जीव

उखरेसे ।

♠ **जीव नी लागतोर ।**

मन न लगना।

♣ शारीरिक दृष्टि से अस्वस्थ होना।

उदा0— बूता भयना करतो काजे आजि जीव नी लागेसे।

♠ **जीव लागतोर ।**

जी लगना, ध्यान बराबर बना रहना।

♣ किसी कार्य में रूचिपूर्वक प्रवृत होना या लगे रहना।

उदा0— बूता ने जीव लागली कायनूं लेका फिरून नी इलो।

♠ **जीव देतोर ।**

जान देना।

♣ जान न्यौछावर करना, प्राण देना, बहुत अधिक परिश्रम करना।

उदा0— देस काजे आमचो गाँव चो लेका मन जीव देतो काजे तियार आसत।

♠ **जीव छंडातोर ।**

जान छुड़ाना।

♣ किसी प्रकार के उत्तरदायित्व अथवा विवाद से मुक्त होने का प्रयत्न करना।

उदा0— सावकार रोजे एउन दुआरे बसे, आजि पयसा देउन जीव के छंडाले।

♠ **जीव निकरतोर ।**

जान निकलना।

♣ मरना या मरण तुल्य कष्ट भोगना। किसी से अत्यधिक भयभीत होना।

उदा0:— लागा मांगुक सावकार अमरलो सुनुन, जव निकरलो असन लागली।

♠ **जीव थरथरतोर ।**

जान कांपना।

♣ बहुत अधिक डर लगना।

उदा0– सांप के दखुन डंडीक मोचो जीव थरथरली।

♠ **जीव के मारतोर ।**

जी मारना।

♣ कठोर संयम करना।

उदा0– साल भर चो कमानी के जीव मारून संगालेसें।

♠ **जीव पाड़तोर ।**

♣ जान डालना।

मृत शरीर में प्राणों का संचार करना, निराश व्यक्ति को आशान्वित करना।

उदा0– हारक मरलो पाछे, जीव पाड़लो ने उठुन बसेदे ता ?

♠ **जीव दुखतोर ।**

जी दुखना।

♣ मन में कष्ट या दुख होना।

उदा0:– गाय चो कंवरी पिला मरतो के जीव दुखली।

♠ **जोड़ा जोड़तोर ।**

सामग्री संचय करना।

♣ सबक सिखाना।

उदा0 – खुबे होली हुनचो ढंगनाच, बिहा काजे जोड़ा जोडुक लागेदे।

♠ **झाकतोर ।**

अशोभनीय, पागलपन।

♣ झाकना का अर्थ किसी शक्ति का शरीर में प्रवेश करना।

दैवीय शक्ति का आरूढ़ होना।

उदा0 – एके देव झाकेसे कायनूं। एके बले झाकेसे आदि।

कसन झांकलो माहा होयसे।

(झक्की मानसिकता का परिचायक)

♠ **झांकतोर ।**

झांकना।

♣ उत्सुक या किसी ओट से आशंकित होकर देखना ।

उदा0– गेलो कसन जाले लेकी, खिडिक लाफी ले झांकुन दख तो।

♠ **झारी पकातोर ।**

जाल फेंकना।

♣ पासा फेंकना।

उदा0– आजि राती बेरा खोटलू आजा लगे बसुन झारी पकाउन दखेन्दें, सांगलो ले सांगेदे।

♠ **टंगटंगा करतोर ।**

गंजा करना।

♣ सर्वस्व छीन या लूट लेना।

उदा0– घर के मेला करून पानी काजे चुंआ ने गेलो बेरा, काहाँ चो खंगार मन पयदला जाले, जमाय घर के टंगटंगा करून दिला।

♠ **टीप ले घसरून खोदरा ने पड़तोर ।**

चोटी से गिरकर के गढ्ढे में गिरना।

♣ नीचा दिखाना, अपमानित करना।

उदा0– दुय दिन संगे–संगे बुलालो एबे टीप ले घसराउन खोदरा ने पाड़लो।

♠ **टुईं ने पसना फूटतोर ।**

शरीर से पसीना आना।

♣ कठिन परिश्रम करना।

उदा0– इतरो बूता करू–करू ठाने टुईं ले पसना फूटली ।

♠ **टुईं ने दिया बारतोर ।**

गुप्तांगों में दिया जलाना। (प्रतीकात्मक)

♣ सबक सीखाना।

उदा0– एओ ता आजि घरे, हुनचो टुईं ने दिया बारेन्दे।

♠ **टुईं ने मीरी लगड़तोर ।**

शरीर में मिर्ची रगड़ना ।

♣ सबक सीखाना।

उदा0– एओ ता आजी, हुनचो टुईं ने मिरी नी लगड़ले जाले बलसे ।

♠ **टेण्डा–उचा करतोर ।**

उत्तोलन करना, उठाना–झुकाना।

♣ आंकलन करना।

उदा0– पानी भिजालो धान नुहाय, टेंडा–उचा करून दखेसे।

♠ **टेण्डतोर ।**

कथन करना, कहना।

♣ ताना मारना।

उदा0– ओगाय रलो लोक के सिरजी टेण्डलो।

♠ **टोडरा पिचकतोर ।**

गला दबाना ।

♣ अत्याचार करना।

उदा0– मंद खाउन पयसा के हजालो, एबे मोचो टोडरा के पिचकेसे।

♠ **टोडरा अलटतोर ।**

गला मरोड़ना। मार डालना, धोका देना।

उदा0– माय–बाप चो सोर नी रली, गांव–पारा के बले बदी करली, जनमते खन टोडरा के अलटुन दिले टंटा सरून जाती।

गुलाय गांव चो लोक के बोकड़ा मारून खोआयेदे बे, काचो टोडरा के अलटेदे जाले।

♠ **टोडरा ने बांदतोर ।**

गले बांधना।

♣ इच्छा के विरूद्ध सौंपना।

उदा0— लेकी चो मन दूसर लगे रली, सिरजी टोडरा ने बांदुन दिला।

♠ **टोण्ड ने लाडू गोबतोर ।**

मुँह में लड्डू रखना।

♣ चुप रहना, अनजान बनना।

उदा0 – घर चो सियान आय बलुन, समंजले ! मान्तर हुन बले टोण्डे लाडू गोबलो।

♠ **टोण्ड दखुन गोठेयातोर ।**

मुँह देखी बात करना।

♣ पक्षपात पूर्ण निर्णय देना।

उदा0— गाँव चो पंचईत ने, सरपंच के टोण्ड दखुन नी गोठेयातोर रली।

♠ **टोण्ड उलटातोर ।**

जवाब देना।

♣ बकना, बहस करना।

नासमझ होना।

उदा0— सोज बाट के धर बलतो के मके टोंड उलटालो।

♠ **टोण्ड करतोर ।**

मुंह करना ।

♣ जबान लड़ाना।

उदा0— नंगत बाट के धर बलतो के टोण्ड करेसे ।

♠ **टोण्डे पानी पजरतोर ।**

मुँह में पानी आना।

♣ खाने को जी करना।

उदा0— लेकी गोहड़ी मन चो तेतर खावतो के दखुन, थाने टोंडे पानी पजरली।

♠ **टोण्डे कीड़ा पड़तोर ।**

मुँह में कीड़ा पड़ना।

♣ अत्यधिक बातूनी या झगड़ालू होना ।

उदा0– टोण्डे कीड़ा पड़ली कायनू, भंड–भसड़ गोठ के निकरालोसे।

♠ ठिया–ठिया मुतातोर ।

खड़े–खड़े पेशाब करवाना।

♣ मज़ा चखाना, सबक सिखाना ।

उदा0– 'आजि हुनके ठिया–ठिया नी मुताले जाले मँय बले आपलो बाप चो बेटा नुहांय।

♠ ठेठ अमरातोर ।

खरी–खोटी सुनाना।

♣ भला–बुरा कहना।

उदा0– मँय काई के नी जाने बलतो के, घन–घन लगे एउन बसे, एक्केदांय ठेठ–ठेठ अमराले।

♠ डगातोर/उधलतोर ।

कूदना/उछलना।

♣ बड़ी–बड़ी बातें करना, योजनाएं बनाना।

उदा0– 'आजिकाली पयसा चो जोड़ ने उधलेसे।' मसागत करूक पड़ती जाले जानतो।

♠ डूमर कीड़ा होतोर ।

गूलर का कीड़ा।

♣ कूप मंडूक, अल्पज्ञ व्यक्ति।

उदा0– गाँव–पारा ने बुलते रले नी होय, गाँव ले बाहरे बले तो निकरूक लागेदे, डूमर कीड़ा होले नी होय।

♠ डोंगरी उलटातोर ।

पहाड़ उलटना।

♣ परिश्रम करना, बहुत बड़ा कार्य सम्पन्न करना।

उदा0– हुनके नानी असन बुता के सांगलो ने बले डोंगरी उलटालो असन लागेसे।

♠ **ढंगनाच करतोर ।**

नखरा करना।

♣ बहाना करना। कृत्रिम आचरण करना।

उदा0 – झपके जाउन, फिरून आव बलतो के ढंगनाच करेसे।
खाउआस जाले सीदा खा, ढंगनाच नी कर।

♠ **ढलपलतोर ।**

करवटें बदलना।

♣ लेटे हुए व्यक्ति का चिंता, रोग, कष्ट, अनिद्रा के कारण बार–बार पार्श्व बदलना।

उदा0– 'ए मनुख गुलाय रात ढलपलते रये, डंडिक नी सवलो।'

♠ **ढुलढुलेया बांगा होवतोर ।**

ढुलमुल व्यक्तित्व का होना ।

♣ अवसरवादिता होना, जिधर ढलान देखा उधर लुढ़कना।

उदा0– मोचो लगे मोचो असन आउर हुनचो लगे हुनचो असन, ढुलढुलेया बांगा होवलो।

♠ **ताना मारतोर ।**

ताने कसना।

♣ व्यंग्यपूर्ण बात कहना।

उदा0– दिन–दुनिया के समजुक नी होय, एकलो रतो रांडी बायले के बले ताना मारून जासत।

♠ **तोरा भर पानी चेगतोर ।**

चेहरा खिल उठना।

♣ चेहरे से प्रसन्नता जाहिर या हर्ष अभिव्यक्त करना।

उदा0– गेलो बरख कमानी नंगत नी होली होउन रए, एसु नंगत होवतो के थोतना ने तोरा भर पानी चेगली।

♠ थापड़ी पेटतोर ।

ताली बजाना।

♣ एक अर्थ में – पराजय, अपमान या दुर्दशा होने पर जग में हँसी होना, उपहास करने के लिए तालियां बजाना। अथवा

♣ दूसरे अर्थ में – किसी के प्रशंसा में, सम्मान में ताली बजाना।

♣ अंतिम संस्कार के तहत दाह संस्कार विधान में शव को चिता में लिटाने के पूर्व उपस्थित वरिष्ठ व्यक्ति के द्वारा ताली पीट–पीट कर मृतक व्यक्ति का नाम पुकारा जाता है। (एक प्रथा)

उदा0– स्कूल ने लेका पढ़ई ने पहिल एतो के जमाय लोक थापड़ी पेटला।

♠ थाकतोर ।

हार जाना ।

♣ परेशान हो जाना।

उदा0– मँय बाबा के पयसा मांगुन–मांगुन थाकुन गेले, नी दिलो।

♠ थाकतोर ।

थकना।

♣ परिश्रम के कारण शरीर में थकान उत्पन्न होना।

उदा0– बिहानत ले नांगर फांदुन रहें, थाकुन एबे एयेसें।

♠ थाहा–थाहा होतोर ।

त्राहि–त्राहि होना।

♣ अत्यधिक कष्ट उठाना।

उदा0 – मांय बीती भंडवा मांजुन पयसा कमाए, मांय बीती मरतो के थाहा–थाहा होउन गेला।

♠ थारी चो बांगा होतोर ।

थाली का बैंगन होना ।

♣ अस्थिर विचार वाला।

उदा0– खाओत ले मोचो संगे रये, एबे हुनचो लगे भिड़लो थारी चो बाँगा होवलो।

♠ थिपायक–थिपायक ने हांडी भरतोर ।

बूंद–बूंद में मटका भरना।

♣ थोड़ा–थोड़ा जमा करने से धन का संचय होता है।

उदा0– एकेदाँय रोकाई होओ बल्ले नी होय, सल्फी घेड़ा ले थिपायक – थिपायक थिपलो नें हांडी भरेसे।

♠ थुकतोर ।

थूकना।

♣ घोर उपेक्षा तथा घृणा व्यक्त करना।

उदा0– काय बूता करलीस बाबू, गुलाय गाँव चो लोक थुकसत।

♠ थुकन देतोर ।

थूक देना।

♣ प्रतिज्ञा करना, दुबारा वैसा घृणित कार्य नहीं करना।

उदा0– आजि ले असन अडरा बूता के थुकुन छांडुन दिले।

♠ थुकुन चाटतोर ।

थूक कर चाटना।

♣ दिए हुए वचन से मुकर जाना।
किसी को दी हुई वस्तु पुनः वापस लेना।

उदा0– आमचो लेका काजे माहला छिड़ालो थाने बले लेकी के दूसर घरे बिहा करलो, असन बले थुकुन चाटतोर आय, आले सांगा ?

♠ थोतना उतरातोर ।

मुँह उतारना।

♣ उदास होना, चेहरे से दुख प्रकट करना।

उदा0– आया एकलो मंडई गेली, लेकी के नाईं बल्ली, लेकी चो थोतना

उतरली।

♠ **थोतना दखतोर ।**

मुँह देखना।

♣ किसी वस्तु के लिए दूसरे पर आश्रित होना।

उदा0– घर गोसेया चो देव लोक होतो के, काचो थोतना के दखती, मुठी मांगुन जीवना चलायेसे।

♠ **थोतना नी दखतोर ।**

मुँह न देखना।

♣ किसी की ओर उपेक्षा के कारण दृष्टिपात न करना या प्रवृत न होना।

उदा0– मँय हुनी दिन ले किरिया खादले हुनचो थोतना नी दखें।

♠ **थोतना करेया पड़तोर ।**

मुँह काला पड़ना।

♣ चोरी पकड़ा जाना, छिपे हुए अपराध के प्रकट हो जाने की आशंका से चेहरे की लालिमा उड़ जाना।

उदा0– झोरा के टामंडतो के हुनचो थोतना करेया पड़ते गेली, पाछे चावड़ी ने नेउन ढापला।

♠ **थोतना लुकातोर ।**

मुँह छिपाना।

♣ सामना करने से कतराना।

उदा0– करजा खादलो से, दखलो ने थोतना के लुकायेसे।

♠ **थोतना दखुन जिवतोर ।**

मुँह देखकार जीना।

♣ परम प्रिय होने के कारण किसी के भरोसे पर जीना।

उदा0– 'मँय तो ए पिलामन चो थोतना दखुन जीयेसें।'

♠ **थोतना उजर होवतोर ।**

चेहरा उजला होना।

♣ व्यक्ति का सदाचारी सिद्ध होना, निष्कलंक होना।

उदा0– सावकार घरो खंगार भिड़ला, पारा चो पिला मन के लटा धरते रहोत, खंगार धरा पड़तो के पारा चो पिलामन चो थोतना उजर होली।

♠ थोतना करेया करतोर ।

मुँह काला करना।

♣ व्यभिचार करना।

उदा0– घर–दुआर चो सोर रले तो, गुलाय थोतना के करेया करते बुलेसे।

♠ थोतना फुलातोर ।

मुँह फूलाना।

♣ अत्यधिक क्रोध के कारण मुँह फूलाना।

उदा0– खावतो जमक कम पड़ली, गुनुक थोतना फुलालोसे।

♠ दसराहा बोकड़ा होतोर ।

दशहरा बकरा होना।

♣ बलि का बकरा होना।

(हिन्दी का मुहावरा – बलि का बकरा)

बस्तर के ऐतिहासिक दशहरा पर्व में बकरे की बलि देने की प्रथा है जो 75 दिनों के दौरान अलग–अलग रस्मों में अदा की जाती है। टेम्पल कमेटी बलि के लिए पूर्व से ही व्यवस्था बना कर रखते हैं, उन्हीं बकरों को दशहरा बोकड़ा कहा जाता है।

उदा0– गुलाय बुलुन भाति हुत्ताय चे अमरतोर, अदांय तुके चे दसराहा बोकड़ा बनादे कायनूं।

♠ दखा–दखी होवतोर ।

एक दूसरे को देखना।

♣ संबंध जोड़ना।

उदा0– गोटकी मांय चो पिला आंव आमि मान्तर दखा–दखी नांई, लगे रले तो दखा–दखी होती।

♠ **दखा–दखी नी होवतोर ।**

दुश्मनी होना।

♣ किसी विवाद में एक दूसरे से बातचीत या आना–जाना बंद हो गया हो। एक दूसरे के सामने नहीं आने–जाने पर यह मुहावरा कहा जाता है।

उदा0– गेलो बरख साग काजे झगड़ा चो लागुन, दखा–दखी निहांय।

♠ **दांत गिजड़तोर ।**

दांत निपोरना।

♣ दीनभाव से कृपा, अथवा अनुग्रह की प्रार्थना। ओछापन, निर्लज्जतापूर्वक हंसना।

उदा0– बूता ने नसाउन फेर दांत के गिजड़ेसे।

♠ **दांत कडरतोर ।**

दांत कटकटाना।

♣ गुस्सा करना।

उदा0– हाते सपड़ाले जमाय लेंगड़ी–मुंडी के चपलेदे कायनूं, असन दांत के कडरेसे।

♠ **दांत दखतोर ।**

दांत देखना।

♣ दांत देखकर पशुओं के आयु का अनुमान लगाना।

उदा0– 'चार दात ले आगर होली, डोकरी गाय आय ना।

♠ **दिया बारून डगरातोर ।**

चिराग लेकर ढूंढना।

♣ परिश्रम, छानबीन करना।

उदा0– बड़े भाईगमानी आस ना तुय, नाहले दिया धरून डगराले बले पंडरी बायले नी मिरे।

♠ **दुबी ने गाड़ा लटकतोर ।**

तिनके से गाड़ी का अटकना।

♣ छोटी बाधा आने पर कार्य का रूक जाना।

उदा0– जमाय बानी सरली, एबे फेर काय दुबी ने गाड़ा अरजली।

♠ दुय जीव होतोर ।

दो जान होना।

♣ गर्भवती होना।

उदा0– दुय जीव चो बायले आय, फेर बले धर सकल पानी बोउन आनेसे ।

♠ दुय अखरी बकतोर ।

गाली देना, सतत् बकना।

♣ गालियों का प्रयोग करना, उत्तेजित होना।

बस्तर के ग्राम्य जीवन में जब कोई व्यक्ति किसी बात पर नाराज हो जाता है तो उत्तेजित अवस्था में सतत् गालियाँ बकने लगता है। वह गाली देने की चरम सीमा पर पहुँच कर सभी सीमाएं लांघ जाता है, इस अवस्था को दुय अखरी बकना कहा जाता है।

उदा0 – मंय हुनके काईं नी बलले, हुन एउन मके दुय अखरी बकलो। ।

♠ देवलोक होतोर ।

गुजर जाना।

♣ प्रतिष्ठित व्यक्ति का देहावसान होना।

उदा0– जीव रहोत ले आमचों गाँव–पारा ने इहार–जहार होते रए, देवलोक होलो दिन ले छिना पड़ली।

♠ धरून आन बल्ले, मारून आनतोर ।

पकड़ कर लाने के स्थान पर मार कर लाना।

♣ आदेशों का पालन न करना।

उदा0– कितरय समंजाले बले संमजले तो अबूज के, धरून आन बलतो के मारून आनेसे ।

♠ धोतीमारा होतोर ।

धोती पहनने वाला बनना।,

♣ शहराती बनना।

जैसे :– धोतीमारा होले नी होय, लेंगटी लगान माटी खनतोर आय। अर्थात् शहराती बनने से नहीं होगा, लंगोटी लगाकर मिट्टी खोदना चाहिए। यह मुहावरा एक आलसी और कामचोर बालक को सीख देने के लिए ग्रामीणों का प्रिय मुहावरा है।

♠ धुरली छंडातोर ।

धूल छुड़ाना/उड़ाना।

♣ अस्त–व्यस्त करना, धूल–घूसरित करना/ नेस्तनाबूद करना।

उदा0– डंडिक थेबा धुरली नी छंडाले बल्ले मंय आपलो बाप चो बेटा नाईं।

♠ नकटी सुआंग होवतोर ।

नाक कटी स्त्री की तरह होना।

♣ अशोभनीय कार्य करना।

उदा0– दईब खावतो पिवतो काजे अच्छा दिलीसे आउर हुन नकटी सुआंग होते बुलेसे।

♠ नंदी के नी दखुन ,फटई फुसकातोर ।

नदी देखे बिना ही कपड़े उतारना।

♣ उचित अवसर देखे बिना कार्य प्रारंभ करना।

उदा0– भार चमास बेरा पूरे–पूरे होउन बूता के मुरालो, नंदी के नी दखुन फटई फुसकालो ने असने होउआय ।

♠ नाके–काने ओराई होतोर ।

नाक –कान में टंगना।

♣ शारीरिक अंगों में आवश्यकता से अधिक श्रृंगार करना।

उदा0– काहाँ चो उपका धन के पावली जाले, नाके–काने ओरई होलिसे।

♠ नान जिया होतोर ।

छोटी जान का होना।

♠ **पनहीं ने पेटतोर ।**

जूते मारना।

♣ हेय समझकर उपेक्षा करना, अपमानित या तिरस्कृत करना।

उदा0– अदांय घरे ओललो ने पनही चे पनही पेटेन्दे।

♠ **पर बुधिया होतोर ।**

दूसरों का कहा मानना।

♣ दूसरों का कहा सुनना, दूसरों पर आश्रित होना ।

उदा0– इतरो बड़े बुड़गा होवला, मान्तर आजि बले पर चो बुध के धरेसे ।

♠ **पकावाड़ा करतोर ।**

अपव्यय करना।

♣ व्यर्थ करना।

उदा0– पेट भरले बले आईंख नी भरे, गुलाय पकावाड़ा करला से ।

♠ **पंचईत करतोर ।**

पंचायत करना।

♣ मीन–मेख निकालना।

उदा0– नानी असन गोठ के लमाउन, पंचईत काय काजे करसत जाले।

♠ **पानी पड़तोर ।**

पानी पड़ना या चढ़ना, जवान होना।

♣ चेहरे में चमक आ जाना।

लड़कियों के प्रथम ऋतु दर्शन की स्थिति को पानी पड़तोर कहा जाता है।

उदा0– 'ए लेकी चो एसु चे पानी पड़लीसे।'

अर्थात् : यह लड़की इसी वर्ष जवान हुई है।

♠ **पानी बोहलो पाछे पार बांदतोर ।**

पानी बहने के बाद बंध रोकना।

♣ समय रहते रीतियों के अनुसार आचरण करना चाहिए। समय व्यतीत

♣ हतोत्साहित होना।

उदा0– नान जिया नी होआ, डोकरी चो धन–माल तुमके चे मिरेदे।

♠ नाके माछी बसुक नी देतोर ।

नाक पर मक्खी बैठने न देना।

♣ अपने पर आंच न आने देना।

उदा0– कितरय बले अड़नाप बेरा पूरे इलो ने बले नाके माछी बसुक नी दिलो ।

♠ निनास लटकतोर ।

दम रूकना।

♣ मृत्यु हो जाना।

उदा0– लखिमबार दिने बले मँय हाट ने दखले ता, कालि सुनले साहांस लटकली बलुन।

♠ नी कन्हारतोर ।

चुप रहना।

♣ ध्यान न देना, अनुसुना कर देना ।

उदा0– नी कन्हारले कसन होयदे बुबु, घर–बाड़ी के बले दखुक लागेदे कि नाई।

♠ नोन–मिरी लगड़तोर ।

नमक मिर्च लगाना ।

♣ विवाद करना।

उदा0– आजि हारक मातुन एओ ता, –मिरी नी लगड़ले जाले बलासे।

♠ पसना थिपतोर ।

पसीना टपकना।

♣ कठिन परिश्रम करना।

उदा0– 'गोदी खोड़ते–खोड़ते थाने पसना थिपली।'

होने के बाद कार्य का परिणाम नहीं मिलता ।

उदा0– बेरा रतो बेरा बिहाव करून दिलो ने अच्छा होती, एबे पानी बोहलो पाछे पार बांदलो ने काय काम ?

♠ **पाट–पाट बुलतोर ।**

पीछे–पीछे घूमना ।

♣ खुशामद करना ।

उदा0– लेकी मने इली जाले सतरा चो पाट–पाट बुलुक लागेदे ।

♠ **पाठ दखातोर ।**

पीठ दिखाना।

♣ भाग जाना।

उदा0– मारा–पेटा मुरातो के पाठ दखाउन गदबदलो।

♠ **पाठ पढ़ातोर ।**

उल्टी पट्टी पढ़ाना।

♣ गलत कहकर बहकाना।

उदा0– गोठ के दोदललो, काय पाठ पड़ालो जाले।

♠ **पांय पड़तोर ।**

पांव पड़ना।

♣ जबरदस्ती करना।

उदा0– मन पड़ले देओ नाहले नाईं, मँय काचोय पांय नी पड़ें।

♠ **पांय मंडातोर ।**

कदम रखना।

♣ पहुँचना या प्रवेश करना।

उदा0– देव–धामी चो इलो बेरा आमचो राजा बले देवकोट नें पांय मंडाला।

♠ **पांय ने भंवरी होतोर ।**

पांव में चकरी होना।

♣ अस्थिर, सदैव चलते रहना, चलायमान।

उदा0– आमचो घर गोसेया चो पांय ने भंवरी होलीसे बुबु, डंडीक घरे नी थेबोत। बुलते चे रसोत।

♠ **पानी थिपातोर ।**

पानी की बूंदें चुआना।

♣ यह मुहावरा उद्धार करने का विरूद्धार्थी एक व्यंग्यात्मक शब्द है। जब कोई अपना पुत्र होकर भी माता–पिता की अवहेलना करता है, तब ऐसे मौके पर कहते हैं।

जैसे :– 'जा ना आमी बले तुचो भोरस नी करूं, तुचो ले बड़े–बड़े तो काईं नी करला, तुय चे कोन जानें मरतो बेरा पानी थिपासेबे।' अर्थात् : जाओ जी हम भी तुम पर निर्भर नहीं हैं, तुमसे बड़े–बड़े तो कुछ नहीं कर पाए तुम्हीं क्या मरते वक्त पानी की बूंदे चुहाओगे या टपकाओगे ।

♠ **पान ढाकुन गु खुंदातोर ।**

